# जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आज जमशेदपुर और बेंगलुरू एफसी का मुकाबला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी और बेंगलुरु एफसी बुधवार को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 मुकाबले में भिड़ेंगे। रेड माइनर्स का लक्ष्य ईस्ट बंगाल एफसी के अंकों की बराबरी पर करना होगा, जबकि ब्लूज तीन अंक हासिल करने के लिए बेकरार होंगे और अंतिम प्लेऑफ स्थान से अपना अंतर एक अंक तक कम करना चाहेंगे।

जमशेदपुर एफसी ने पिछले हफ्ते दस मैचों की जीत से दूरी को खत्म किया था, जब उन्होंने ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। यह रेड माइनर्स की सीजन की दूसरी जीत थी।



मैच की पूर्व संध्या पर अभ्यास करती जमशेदपुर की टीम।

मुख्य कोच ऐडी बूथरॉयड ने मैच एक घंटे के समय पर पासा फेंका था, जो कि एकदम सही पड़ गया। उनके द्वारा बदले गए खिलाड़ियों ने वांछित प्रभाव डाला और जमशेदपुर एफसी के दोनों गोलों में योगदान दिया। हैरी सॉयर ने सत्र का अपना पहला गोल किया, इससे पूर्व ऋत्विक दास ने बूथरॉयड के रेड माइनर्स के लिए पहला गोल किया।

पिछले मैच में सॉयर का योगदान उन्हें डेनियल चुक्वु पर वरीयता दिला सकता है, जिन्होंने अपने पिछले दस हीरो आईएसएल मैचों में सिर्फ एक बार स्कोर किया है। पिच के दूसरे छोर पर, सॉयर के हमवतन और नए रंगरूट डायलन फॉक्स के अपना पदार्पण करने की संभावना है। बशर्ते, वह एक मामूली चोट से उबर जाए, जिसने उसे पिछले मैच से बाहर रखा था।



जमशेदपुर के हेड कोच बूथरॉयड।

रेड माइनर्स के मुख्य कोच ऐडी बूथरॉयड ने डिफेंडर की चोट पर अपडेट देते हुए बताया, डायलन फॉक्स को कई मामूली चोटें हैं जिनकी हम निगरानी कर रहे हैं। हम उसे खेलने के लिए लाए हैं, लेकिन वह अभी तक दिखाई नहीं दिया है। उम्मीद है, हम उसे अगले कुछ दिनों में फिट कर सकते हैं।

बूथरॉयड ने पिछले मुकाबले के बारे में बात करते हुए कहा, यह बहुत संतोषजनक था। हम कई मौकों पर मैच जीतने के काफी करीब पहुंचे हैं, खासकर घरेलू मैदान पर। मैच के अंतिम चरण में गोल करने का मतलब था कि हम अंत तक जोर लगाते रहे। मैंने टीम में नए सिरे से आत्मविश्वास और परिपक्वता देखी।

बेंगलुरू एफसी इस सीजन में पहली बार लगातार दो मैच जीतकर लय हासिल कर चुकी है। ब्लूज ने हीरो आईएसएल के इस संस्करण में पहली बार दो से ज्यादा गोल दागे, जब उन्होंने तीन दिन पहले ओडिशा एफसी को 3-1 से पराजित किया।

रॉय कृष्णा के दस मैचों में गोल का सूखा समाप्त करने से पहले मिडफील्डर रोहित कुमार ने क्लब के लिए अपना पहला गोल दागा। पाब्लो पेरेज ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में अपने नए क्लब के लिए स्कोर किया। इस तरह का प्रदर्शन निश्चित रूप से ब्लूज कैंप के अंदर उत्साह बढ़ाएगा, क्योंकि वे अब तक सीजन में इस बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं।

ये दोनों टीमें हीरो आईएसएल में 11 बार भिड़ चुकी हैं। दोनों टीमों ने चार-चार बार जीत हासिल की है और तीन मुकाबले ड्रा में समाप्त हुए हैं। ब्लूज के पास इस सीजन में जमशेदपुर एफसी पर जीत का डबल पूरा करने का मौका है क्योंकि पहले चरण के मैच में बेंगलुरू एफसी ने 1-0 से जीत हासिल की थी।

## स्पीड न्यूज

### शशि पासवान हत्याकांड में रविदास समेत छह दोषी करार

**जमशेदपुर।** लौहनगरी के सोनारी क्षेत्र में में गत 5 सितंबर 2011 को शशि पासवान की हुई हत्याकांड के मामले में एडीजे 4 आरके सिंह की अदालत ने मंगलवार को रविदास समेत छह आरोपियों को दोषी करार दिया। आरोपियों में रविदास, सोनारी निर्मल नगर दोमुहानी का वाशु बागती, मानगो डिमना रोड विश्वकर्मा कॉलोनी का विवेक शर्मा, निर्मलनगर दोमुहानी का निरंजन महतो, दोमुहानी का बबलु महतो उर्फ भकलू महतो शामिल है। कोर्ट इस मामले में सजा के बिंदु पर 21 जनवरी को सुनवायी करेगी। मामले में कुल 11 लोगों की गवाही हुई है।

### संजय मार्केट के मुख्य पूजारी महेश पाठक का निधन

**जमशेदपुर।** गत 16 जनवरी 2023 को साकची संजय मार्केट स्थित श्री श्री संकट मोचन शिव मंदिर के मुख्य सेवायत सह मुख्य पुजारी श्री महेश पाठक का निधन 62 वर्ष की उम्र में हो गया । इस मंदिर की स्थापना जमशेदपुर पूर्वी के पूर्व विधायक स्वर्गीय दीनानाथ पांडे एवम स्वर्गीय महेश पाठक जी ने मुख्य रूप से 1978 में किया था। निरंतर 44 वर्षो से उस मंदिर में मुख्य पुजारी और सेवायत के रूप में पूरी मंदिर की देखभाल और संरक्षण करते थे । पंडित जी के निधन की खबर से पूरा साकची बाजार और सब्जी मंडी के लोग शोकाकुल है। यह जानकारी स्व पाठक के भतीजा हेमंत पाठक ने दी।

### 30 से दो दिवसीय बैंक हड़ताल



**जमशेदपुर।** यू.एफ.बी.यू. के आहवान पर आगामी 30/01/2023 एवं 31/01/2023 की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए आज दिनांक 17/01/2023 संध्या 5.15 बजे यू.एफ.बी.यू.जमशेदपुर की बैठक हुई। बैठक में दिनांक 20/01/2023 को आंध्रा बैंक बिष्टुपुर (बैंक आफ बड़ौदा के समीप) संध्या 5.15 बजे प्रदर्शन करने, दिनांक 25/01/2023 संध्या 5.15 बजे आई हास्पिटल साकची गोलचक्कर के समीप प्रदर्शन करने, दिनांक 27/01/2023 को कला मंदिर बिष्टुपुर 12.00 बजे प्रेस कांफ्रेंस एवं संध्या 5.15 बजे पोस्टल पार्क विस्टुपुर में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अव्हएअ की ओर से कामरेड कुलकांत हेमरोम, दिव्यांशु गुप्ता,रवि किशोर गुप्ता,इएत्रक्ष की ओर से कामरेड डी.एन.सिंह, कामरेड सुजय राय, आशीष कुमार दत्ता,ठउइए की ओर से कामरेड रामजी प्रसाद, कुन्दन रजक, विवेक पराशर सिन्हा,के.के.दुबे, रवि शंकर एवं सत्येन्द्र सिंह ने अपनी बातें रखीं।

### गालूडीह में अवैध लॉटरी का धंधेबाज गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर के दिशा निर्देश पर छापेमारी दल का गठन कर गालूडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत गालूडीह आचलिक मैदान के पास स्थित गौतम मंडल, उम्र 35 वर्ष, पे०-स्व० बंकिमचन्द्र मंडल पत्ता-पाटमहुलिया के पान गुमढ़ी पर छापेमारी कर गल्ले में से लॉटरी का टिकट, भारी मात्रा में कैश व मोबाईल बरामद किया गया है। गिरफ्तार गौतम मंडल की निशानदेही पर गालूडीह क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न जगहों पर छापामारी कर लॉटरी टिकट, 20.79 लाख रुपये कैश व लॉटरी के क्रय विक्रय का लेखा जोखा से संबंधित दस्तावेज बरामद किया गया।

### सविता महतो और एसपी आनंद प्रकाश ने किया कंबल वितरण



**चांडिल।** मंगलवार को विधायक सविता महतो एवं पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश ने जयदा मेला में संयुक्त रूप से 300 लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा बढ़ती हुई ठंड और शीतलहर को देखते हुए गरीब असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच 300 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने कुरली व दुबराजपुर मेले में भी शामिल हुए।

# टाटा स्टील कोलकाता लिटरेरी मीट-2023 का आयोजन 21 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**कोलकाता/ जमशेदपुर।** विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के सहयोग से ग्यारहवें टाटा स्टील कोलकाता लिटरेरी मीट का आयोजन 21 जनवरी से 26 जनवरी 2023 तक किया जाएगा। यह महोत्सव विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के मैदान में आयोजित किया जाएगा।

बुकर इंटरनेशनल प्राइज 2022 की विजेता गीतांजलि श्री और उनकी अनुवादक डेजी रॉकवेल महोत्सव में दर्शकों को संबोधित करेंगी। श्रीलंकाई लेखक शेहान करुणातिलका अपने उपन्यास 'द सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा' के बारे में बात करेंगे, जिसने बुकर पुरस्कार 2022 जीता था। ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता दामोदर मौजो और अमिताव घोष, साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता ब्रत्य बसु और जेसीबी पुरस्कार विजेता खालिद जावेद भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

अकादमिक जगत के कई गैर-काल्पनिक टाइटल्स, को भी महोत्सव में प्रदर्शित किया जाएगा। सेमंती घोष और अपराजिता दासगुप्ता के साथ सिरशेंदु मुखोपाध्याय और शंकर 1947 के अगस्त को याद करेंगे। विशेष आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल की 'क्रांतिकारी' और चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी की 'स्वतंत्रता' भी अपनी-अपनी पुस्तकों के माध्यम से आजादी की राह और आजादी से पहले के क्षणों को दशाएंगी। बंगाली सेग्मेंट में श्रीजातो, चंद्रिल भट्टाचार्य, फूड राइटर चित्रिता बनर्जी, लेखक अकादमिक चिन्मय गुहा, अभिनेता अनिर्बान भट्टाचार्जी, गायक-कवि अनुपम रॉय, रंगमंच के दिग्गज कौशिक सेन और सुमन मुखोपाध्याय और कवि सुबोध सरकार शामिल हैं।

चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा कि टाटा स्टील कोलकाता लिटरेरी मीट के 11वें संस्करण के साथ सिटी ऑफ जॉय में वापसी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। रांची और भुवनेश्वर सहित हमारे साहित्यिक महोत्सव का मकसद, दर्शकों को अभिनव प्लेटफार्मों की पेशकश करके नए विचारों की खोज करने और अपने आसपास की दुनिया की फिर से कल्पना करने के लिए प्रेरित और उनका मनोरंजन करना है। उन्होंने आगे कहा कि ह्लइन वर्षों में, टाटा स्टील कोलकाता लिटरेरी मीट ने नोबेल पुरस्कार विजेताओं, बुकर पुरस्कार विजेताओं, प्रसिद्ध उपन्यासकारों, इतिहासकारों, पर्यावरणविदों, संगीतकारों और अन्य लोगों को सम्मेलन की वैश्विक परिचर्चा में भाग लेने के लिए एक मंच पर लाया है। हमें विश्वास है कि यह 2023 संस्करण परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना जारी रखेगा और कल के चेंजमेकर्स को प्रेरित करेगा। फेस्टिवल की निदेशक मालविका बनर्जी ने कहा, हमने वह बनाया है जो संभवतः हमारा सबसे समृद्ध साहित्य सम्मेलन है। यहां गंभीर साहित्य परिचचाओं के साथ-साथ हास्य, रोमांच, सिनेमा और मनोरंजन को भी मिश्रित किया जाता है।

## झारखंड की सांस्कृतिक महोत्सव का प्रतीक है टूसु : काले



**जमशेदपुर।** भालूबासा मुखी समाज के तत्वावधान में आयोजित टूसु महोत्सव के कई कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए और लोगों के साथ पर्व मनाया व उनके खुशी में शामिल हुए। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि टूसु झारखंड की सांस्कृतिक महोत्सव का प्रतीक है इस महोत्सव में झारखंड की संस्कृति देखने को मिलती हैं। चारों ओर खुशी ही खुशी दिखती है । अमरप्रीत सिंह काले ने बड़ी संख्या में उपस्थित नौजवानों को व बुजुर्गों को बधाई दी वि उनके साथ नृत्य भी किया। इससे पूर्व काले ने टूसू माई की पूजा अर्चना की वि माथा टेका। काले ने आयोजकों की भूरी भूरी प्रशंसा की क्योंकि इनके ओर से काफी अच्छा आयोजन किया जाता है । काले ने कहा की मेरा सौभाग्य है कि यहां की बहनें काफी स्नेह व मान सम्मान देती है। इस मौके पर वंदना नामता, पुतुल सिंह, आरती मुखी, रंजीता राय, बिंदिया मुखी, मिनी सिंह, डॉली मुखी, मिट्ठू सोना, लकी मुंडा, शिवानी मुखी, नीना कालिंदी एवं अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे।

## लोगों को जागरुक करने के लिए मन रहा सड़क सुरक्षा सप्ताह: एसएसपी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 'रन फॉर रोड सेफ्टी' का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत सुबह 7:00 बजे साक्ची गोल चक्कर से हुई जहां डीसी एवं एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया जो बागे जमशेद होते हुए जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंच कर समाप्त हुई। इस मौके पर सड़क सुरक्षा को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

रन फॉर रोड सेफ्टी में डीसी विजया जाधव, एसएसपी प्रभात कुमार, एडीएम नंदकिशोर लाल, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, डीटीओ दिनेश रजंन, डीपीआरओ रोहित कुमार समेत जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, आम जन आदि शामिल हुए। मौके पर अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनों को जागरूक करने के लिए रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया है, इसका उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उसका अनुपालन करवाना है, जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए सड़क पर चलना सुरक्षित हो।





रन को झंडी दिखाती डीसी विजया जाधव। साथ में एसएसपी प्रभात कुमार व अन्य।

वहीं एसएसपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि पूरे देश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने आमजनों/वाहन चालकों से यातायात नियमों का अनुपालन करने का अपील किया।

## सिंधी भाईचारे से गुरुग्रंथ साहिब लेना पाप है : पप्पू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड सिख विकास मंच के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह पप्पू ने कहा कि पिछले 500 सालों से बाबा गुरु नानक देव जी के बाणी से जुड़े सिंधी श्रद्धालुओं से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी वापस लेना बड़ा पाप है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी पर हम गर्व करते हैं कि यह सांझी संस्कृति की बात करता है और यह बहुलवादी संस्कृति को प्रोत्साहित करता है लेकिन एकेश्वरवाद पर भक्तों का यकीन बनाता है। इस ग्रंथ पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का एकाधिकार नहीं हो सकता है। यह सिखों के महान गुरुओं ने मानव जाति को एक बड़ा तोहफा उपहार कल्याणकारी गुरु मंत्र दिया है।



गुरदीप सिंह पप्पू।

जिससे हम सब एक हो सके। एक ईश्वर की उपासना कर सकें और अपने मतभेद भुला दे।

मध्यप्रदेश खासकर इंदौर में सिंधी भाइयों के साथ जो व्यवहार पंजाब मुकेरिया के श्री गुरु ग्रंथ साहब सत्कार समिति की ओर से किया गया है वह घोर पाप है। लगता है ऐसे लोग विदेशी ताकतों के हाथ में खेल रहे हैं और देश में आपस में लोगों को लड़ाना चाहते हैं।

पप्पू ने सिन्धी भाईचारे को धन्यवाद दिया है कि उन्होंने आदर सत्कार के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप इंदौर के इमली साहिब गुरुद्वारे को सौंपे हैं। झारखंड सिख विकास मंच ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहब ज्ञानी हरप्रीत सिंह जी से आग्रह किया है कि वह इस मामले को देखें और इस पर कठोर कार्रवाई करें। गुरु नानक देव जी की लगाई फुलवारी को और सुंदर बड़ा बनाने की जरूरत है उसको छोटे करने वालों के खिलाफ पंथिक मयार्दा के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

## टीबी मरीजों के बीच आज रेडक्रॉस भवन में बंटेगा पोषाहार

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत छठे माह का पोषण सामग्री टी. बी. मरीजों को प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन रेड क्रॉस भवन में बुधवार 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे किया गया है। टी. बी. मरीजों को पोषण सामग्री प्रदान करने हेतु सहयोगी निक्षय मित्र इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने आग्रह किया है कि 2 वर्षों तक चलने वाले इस अभियान को सहयोग देने के लिए अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ें ताकि भारत से टी.बी. का समूल नाश किया जा सके। उन्होने कहा कि पोषण सहयोग के रूप में वर्ष भर के लिए कोई भी व्यक्ति 5 या उससे अधिक टी.बी. मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर सकते हैं। पोषण सहयोग का एक पैकेट निर्माण 800/- रुपये में होता है, जिसमें पोषण सहयोग के रूप में एक व्यक्ति के लिए उपयुक्त मात्रा में चावल, दाल, सोयाबिन, सूखा दूध पाउडर, सरसो तेल, नमक, हल्दी-मशाला एवं एक महीने की विटामिन की गोलियां दी जाती है। प्रति 5 मरीज वर्ष भर के लिए 48 हजार रुपये तथा प्रत्येक माह देने पर 4 हजार रुपये का सहयोग रेड क्रॉस सोसाईटी को चेक, ड्राफ्ट या ऑनलाईन प्रदान कर सकते हैं।

# ब्रम्हर्षि समाज का दो दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 30 मार्च से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ब्रम्हर्षि समाज का दो दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार देशभर में 30 मार्च एक ही तिथि पर सम्पन्न कराया जायेगा। संस्कार संपन्न कराने हेतू गूगल फार्म लिंक का लोकार्पण स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज लक्ष्मीनारायण मंदिर हूलासगंज जहानाबाद बिहार के द्वारा किया गया।

आज भूमिहार ब्राह्मण विवाह बंधन, बातें समूह की ओर से टेलीग्राम पर वर्चुअल बैठक हुई जिसमें कई राज्यों के साथ दूसरे देशों से भी भूमिहार ब्राह्मण परिवार के लोग जुड़कर 30 मार्च 2023 दिन गुरुवार को दिन में मंडपाछाजन, हल्दी कलश, मटकोर, श्री सत्यनारायण स्वामी ब्रत कथा सांध्यबेला में संस्कार पर प्रवचन, आरती प्रसाद वितरण, भतखई करने पर सहमति दी जबकि दूसरा दिन शुक्रवार 31अप्रैल 2023 को सुबह 08 बजे से बिहार के लक्ष्मीनारायण मंदिर हूलासगंज जहानाबाद से पधारे आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार धारण सांध्य बेला में संस्कार पर प्रवचन, सम्मान समारोह रात्रि भोज का आयोजन करने का संकल्प लिया। वर्चुअल बैठक का संचालन सुधीर कुमार सिंह, बिषय प्रवेश-डा०रंगेश जी, स्वागतकर्ता - कनाडा से भाई अरविंद चौधरी, धन्यवाद ज्ञापन-गुजरात से डॉ० रघुनंदन प्रताप शाही तथा विभिन्न क्षेत्रों से परिवार के आदरणीय उपस्थित हुए। बोकारो से मिश्रा जी, राकेश कुमार राय जी,अजीत कुमार पाण्डेय जी, अनामिका जी, विकास शर्मा, नरेंद्र तिवारी, छपरा से डौ०नीलम जी,शतेंन्द्र कुमार शर्मा, जमशेदपूर से डौ०एस बी सिंह, कृष्णकांत सिंह, सुषमा,पटना से कुमार गौरव कश्यप, बेगूसराय से असोक कुमार सिंह,कुंदन जी पुणे, जीतेंद्र कुमार सिंह मुंगेर, अजय कुमार धनबाद,कमल नयन जी गया,संजय कुमार, ललीतेश्वर प्रसाद शाही दिल्ली से धीरज जी कोलकाता से उपस्थित थें।



सामूहिक यज्ञापवित संस्कार-2022 में भीक्षाटन करते बरुआ की फाइल फोटो।


## एक नजर में

### सुभाष चंद्र बोस के समर्पण को अपनाने की जरूरत : पारस नाथ मिश्र



**जमशेदपुर।** सुभाष युवा मंच द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगियों का आयोजन श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें अलग अलग विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों के भाग लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सुभाष युवा मंच के अध्यक्ष श्री पारस नाथ मिश्र ने कहा की नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के देश प्रेम और समर्पण से युवाओं को सीख लेकर जीवन में उतारना चाहिए। उनके जीवन से बच्चे सिख ले इसी लिए सुभाष चंद्र बोस पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। सुभाष चंद्र बोस पर चित्रांकन, रंगोली, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया और उसमे भाग लेने वाले को सुभाष जयंती के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णा कुमारी, रमाशंकर सिंह, अभिषेक कुमार, विशाल कुमार, सदय कांत उपस्थित थे।

### आदित्यपुर: सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन



**आदित्यपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन मंगलवार को सरायकेला खरसावां जिले में हो गया। आदित्यपुर स्थित गायत्री शिक्षा निकेतन स्कूल में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह, आरआईटी थाना प्रभारी एसएल महथा, सांसद प्रतिनिधि जगदीश नारायण चौबे शामिल हुए। पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने समारोह में कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन के माध्यम से प्रशासन लोगों को ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया हैं। ऐसे में सरकार को ट्रैफिक नियमों को स्कूली शिक्षा में शामिल कर देशव्यापी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर विचार करना चाहिए। सांसद प्रतिनिधि जगदीश नारायण चौबे ने कहा कि आदित्यपुर मेन रोड के आकाशवाणी चौक, आशियाना मोड, आर आई टी मोड़, घोड़ाबाबा मोड़, दुगनी चौक, मुड़िया, राजनगर में हादसे के दृष्टि से ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर हादसा काबू करने की दिशा में प्रशासन और पथ निर्माण विभाग को कार्य करना चाहिए। मौके पर स्कूल के बच्चों को ट्रैफिक नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई।

### विद्यालय में सामर्थ्य ने बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बिष्टुपुर स्थित सरदार माधो सिंह बालिका मध्य विद्यालय के प्रांगण में कंबल वितरण किया गया। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को दिया गया जो एकल है एवं पिछले मॉनसून के बाढ़ में घर का सारा सामान बर्बाद हो गया है। संस्था की संरक्षक रीता मिश्रा ने कहा हर साल की भांति इस साल भी जरूरतमंद को चिन्हित करके कंबल वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, संरक्षक रीता मिश्रा , जूली सिंह, संगीता मिश्रा, पूनम सिंह , रीति झा, प्रधानाध्यापिका रविंदर कौर, शिक्षिका रजनी संधू, अनीता घटोरी ,रानी जब्बल , अर्चना कुमारी, हरनीत कौर,बलजीत कौर, निशा चावला, गुंजा कुमारी,अमनदीप, सविंदर , बलबीर कौर, हरदीप कौर इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### केके बिल्डर्स के सहयोग से एनएचआई कार्यालय में नेत्र जांच शिविर संपन्न



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आज अंतिम दिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं के के बिल्डर्स के सहयोग से रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 18 के आसनबनी हिल व्यू स्थित स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यालय में एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन लंबी दूरी के वाहन चालकों के लिए रखा गया जिसमें शहर के जाने-माने नेत्र चिकित्सक डॉक्टर बी पी सिंह और उनकी टीम ने 60 वाहन चालकों की आंखों की जांच की तथा उन्हें आवश्यक परामर्श व दवा प्रदान किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कर्मल अजय कपूर, आशीष चंदन तथा घनश्याम, आयरन ट्रेंगल के राजेन्द्र एवं के. के. बिल्डर्स के गौरव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अरुण सिंह, धीरज, सुखबिंदर और राजेश ने किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदान के क्षेत्र में एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) की बढ़ती जरूरत को देखते हुए इस क्षेत्र में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने लगातार सक्रियता बढायी है, जिसके कारण आज इसके प्रोत्साहन के फलस्वरूप हर जरूरतमंद को समय पर एसडीपी प्राप्त हो रहा है, इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह नियमित रूप से सक्रिय हैं।

### न्युवोको का ह्यन्युवो मेसन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम लॉन्च



**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने असंगठित तौर पर काम करने वाले निर्माण एवं चिनाई राजमिस्त्री (मिस्त्री-मेसन) को लाभ पहुंचाने के लिए न्युवो मेसन-एक मेसनरी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम लॉन्च किया है। न्युवोको ने इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए लर्नेट स्किल्स को कार्यान्वयन भागीदार के रूप में शामिल किया है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शुरू किये गये इस कार्यक्रम के साथ, न्युवोको का इरादा युवाओं और असंगठित निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों को नेशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के साथ गठबंधन करने के लिए अल्पकालिक कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है।

# सरकार से सवाल

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दिसंबर 2021 के दिल्ली धर्म संसद अभद्र भाषा मामले में जांच अधिकारी (आईओ) को मामले में जांच और गिरफ्तारी की प्रगति के संबंध में एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ को सूचित किया गया कि मामले में पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) घटना के पांच महीने बाद दर्ज की गई थी और अब तक कोई आरोप तय नहीं किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए, अदालत ने आईओ को दो सप्ताह के भीतर जांच को आगे बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि मामला अभद्र भाषा के गंभीर अपराध से संबंधित है। बताया जाता है कि 5 महीने बाद एफआईआर दर्ज की गई। अदालत दिल्ली के पूर्व पुलिस प्रमुख राकेश अस्थाना के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता और महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दावा किया गया था कि विवादित धर्म संसद को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए दिसंबर 2021 में दिल्ली में आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। गांधी की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने रेखांकित किया कि हालांकि जांच चल रही है, लेकिन अभी तक कोई चार्जशीट दायर नहीं की गई है। उन्होंने दावा किया कि केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है। 5 महीने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। अब जवाब कहता है कि जांच चल रही है और कोई चार्जशीट दायर नहीं की गई है या आरोप तय नहीं किए गए हैं। मुझे कार्रवाई के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है न कि डीजीपी के खिलाफ कार्रवाई की... समान मामला जस्टिस जोसेफ के सामने था। जब उन्हें बुलाया गया, तो एफआईआर दर्ज की गई। केवल कागजी काम किया जा रहा है और अगर इसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो हम किस तरह के समाज में शामिल होंगे।

# गांव पर फोकस

भारत को उस समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं।मोदी सरकार के इस अंतिम बजट में किसानों- मजदूरों और निम्न वर्ग के लिये क्या मिलता है यह देखने योग्य बात होगी। मध्यम वर्ग तो भाजपा का वोटर रहा है 2024 के चुनाव तक दल के साथ रहे इस बात की धमक भी बजट में होने की उम्मीद है।


# रक्षा क्षेत्र में निजी निवेश से देश को लाभ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा मंत्रालय के चुनिंदा अधिकारी उद्योग जगत के लोगों से 2014 के बाद किए गए रक्षा नीति सुधारों के बारे में बात की। उनका कहना है कि ये सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के नारे के अनुरूप रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने वाले हैं। अधिकारी रक्षा क्षेत्र की 101 वस्तुओं की 'नकारात्मक आयात सूची', नई रक्षा अधिग्रहण नीति 2020 (डीएपी 2020) का जिक्र करते हुए स्वदेशीकरण पर जोर देते हैं। वे कहते हैं कि नई रक्षा उत्पादन एवं निर्यात संवर्द्धन नीति (डीपीईपीपी 2020) की मदद से सालाना रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर 26 अरब डॉलर पहुंचाया जाएगा और हर वर्ष 5 अरब डॉलर के हथियार निर्यात किए जाएंगे। तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में दो रक्षा उद्योग कॉरिडोर दो स्थापित किए जाएंगे। वे देश के रक्षा उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के उदारीकरण का भी जिक्र करते हैं।

गत 17 सितंबर को उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग ने रक्षा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को उन कंपनियों के लिए 49 फीसदी से बढ़ाकर 74 फीसदी (स्वचालित रास्ते के जरिये) कर दिया जो नए लाइसेंस चाहती हैं। महज 13 दिन बाद 30 सितंबर को रक्षा मंत्रालय ने नई रक्षा खरीद नीति 2020 (डीएपी 2020) जारी कर दी जिसमें संशोधित एफडीआई सीमा का जिक्र नहीं था। नई नीति में कहा गया कि किसी कंपनी को भारतीय नागरिक के स्वामित्व वाला माना जाएगा जब उसमें 50 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी भारतीय नागरिक या भारतीय कंपनी के पास होगी। यानी एफडीआई की अधिकतम सीमा 49 फीसदी होगी। डीएपी 2020 में कंपनी अधिनियम 2013 में परिभाषित उपायों का भी हवाला दिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न श्रेणियों में रक्षा निविदाओं में भाग लेने वाली कंपनियों का नियंत्रण भारतीय नागरिकों के हाथ में ही रहे। नीति में कहा गया है, 'नियंत्रण में अधिकांश निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार या प्रबंधन पर नियंत्रण या नीतिगत निर्णयों पर नियंत्रण जिसमें उनकी अंशधारिता या प्रबंधन अधिकार अथवा अंशधारक समझौते या वोटिंग समझौते शामिल होंगे।'

इस विरोधाभास से कुछ सवाल उठते हैं: एफडीआई की सीमा को बढ़ाकर 74 फीसदी करने के पीछे इरादा क्या था? क्या 49 फीसदी विदेशी हिस्सेदारी वाली भारतीय कंपनियों के साथ अलग व्यवहार होगा और 74 फीसदी विदेशी हिस्सेदारी वाली कंपनियों के साथ अलग? अंतरराष्ट्रीय रक्षा कंपनियां भारतीय रक्षा क्षेत्र में 74 फीसदी निवेश क्यों करेंगी जबकि कंपनी को भारतीय माना भी नहीं जाएगा और वे भारतीय कंपनियों के लिए आरक्षित श्रेणी में बोली भी नहीं लगा सकेंगी।





- नागेन्द्र सिंह

> रक्षा एफडीआई की सीमा बढ़ाने और उसे 100 फीसदी करने के पीछे दलील यह है कि इससे विनिर्माण को बढ़ाया जा सकता है, रोजगार उत्पन्न किए जा सकते हैं और उत्पादन कौशल में सुधार किया जा सकता है। यह कौशल मध्यम तकनीक वाले उत्पाद मसलन इलेक्ट्रॉनिक सर्किटरी, फ्यूज बॉक्स या विमानों का लैंडिंग गियर बनाने के काम आता है।

रक्षा एफडीआई नीति सन 2001 में निजी क्षेत्र को मंजूरी के समय से ही उद्देश्य विहीन नजर आती है। रक्षा और विमानन क्षेत्र में 2001 से अब तक कुल एफडीआई बमुश्किल 3,454 करोड़ रुपये है। इसमें से 2,133 करोड़ रुपये की राशि वित्त वर्ष 2014-15 के बाद आई।

रक्षा मंत्रालय ने कभी यह स्पष्ट नहीं किया कि रक्षा क्षेत्र में एफडीआई को उदार बनाकर क्या हासिल किया जाना है। सन 2001 में 26 फीसदी से 2016 में इसे 49 फीसदी किया गया और फिर यह 74 फीसदी तक पहुंचा। एक ओर इसे आधुनिक सैन्य तकनीक को भारत लाने के तरीके के रूप में देखा गया (मंत्रालय ने कहा भी है कि उच्च तकनीक वाली परियोजनाओं में 100 फीसदी एफडीआई की इजाजत होगी) तो दूसरी ओर एफडीआई को उदार बनाने को रक्षा उत्पादन बढ़ाने के तरीके के रूप में भी देखा जा रहा है। भले ही यहां सस्ते और मझोले तकनीकी उपकरण बनें जिन्हें वैश्विक उपकरण निमार्ता भारत में श्रम सस्ता होने के कारण बनाएं।

रक्षा एफडीआई को 100 फीसदी तक बढ़ाने को लेकर दी गई दलील इस गलत धारणा पर आधारित है कि रक्षा उद्योग बाजार संचालित है। बल्कि सरकार उच्च गुणवत्ता वाले सैन्य उपकरणों के निर्माण पर कड़ा नियंत्रण रखती है। बल्कि जब कोई रक्षा कंपनी विनिर्माण को भारत स्थानांतरित करने में बेहतरी देखती है तो यह निर्णय भी उसका बोर्ड नहीं भारत सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। उन्नत रक्षा क्षमताओं वाले देशों में विधायी ढांचा मसलन अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय शस्त्र व्यापार नियमन आदि रक्षा तकनीक से जुड़े मसले देखते हैं।

रक्षा एफडीआई की सीमा बढ़ाने और उसे 100 फीसदी करने के पीछे दलील यह है कि इससे विनिर्माण को बढ़ाया जा सकता है, रोजगार उत्पन्न किए जा सकते हैं और उत्पादन कौशल में सुधार किया जा सकता है। यह कौशल मध्यम तकनीक वाले उत्पाद मसलन इलेक्ट्रॉनिक सर्किटरी, फ्यूज बॉक्स या विमानों का लैंडिंग गियर बनाने के काम आता है। हम अपनी रक्षा जरूरत का 55-60 फीसदी आयात करते हैं जिसमें अधिकांश रूस, अमेरिका, फ्रांस और इजरायल से खरीदा जाता है। यदि इन देशों की कंपनियों को भारत में पूर्ण क्षमता वाली उत्पादन इकाइयां स्थापित करने दिया जाए तो बड़े ऑर्डर का अहम हिस्सा यहीं बन सकता है। इससे देश में उच्च गुणवत्ता वाली विनिर्माण इकाइयां तैयार होंगी, भले ही स्वामित्व विदेशियों का हो।

ऑफसेट करारों के माध्यम से इस विकल्प को टटोला गया है लेकिन भविष्य की सभी प्रत्यक्ष विदेशी खरीद में यह शर्त जोड़ी जा सकती है कि वे भारत में पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई स्थापित करेंगे। देश के रक्षा बाजार में पहुंच को सशर्त बनाया जा सकता है। यानी केवल उनके लिए जो देश में लंबी अवधि तक टिक सकें।

वैश्विक कंपनियों को पूर्ण स्वामित्व वाली या 74 फीसदी स्वामित्व वाली विनिर्माण इकाइयां भारत में स्थापित करने से उच्च प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा और भारतीय निजी और सरकारी कंपनियां अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्पाद बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। शायद इससे देश के रक्षा उद्योग में तेजी आए और सामान्य से अलग उत्कृष्ट उत्पाद तैयार हों। भारत सैन्य साजो समान का सिर्फआयातक न होकर निर्यातक भी बने यह देश के आर्थिक और सामरिक हित के लिए आवश्यक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## खास बात

### पाक की करतूत

सुधांशु कुमार

**इस** बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान एक नाकाम राष्ट्र है। उसकी सारी संस्थाएं तबाह हो चुकी हैं, नीति निर्धारण का सारा काम फौज की एक शाखा,आईएसआई के हवाले कर दिया गया है। आईएसआई के पास इतना फौजी साजो-सामान नहीं है कि वह सैनिक तरीके से किसी देश को अर्दब में ले सके। उस कमी को पूरा करने के लिए पाकिस्तानी डीप स्टेट ने धार्मिक तरीकों के सहारे पड़ोसी देश की नीतियों को प्रभावित करने की कोशिश शुरू कर दी है। आईएसआई ने आतंक फैलाने वालों के कई गिरोह बना रखे हैं। उनमें से जैश-ए-मुहम्मद और लश्करे तय्यबा प्रमुख हैं। ये दोनों ही संगठन संयुक्त राष्ट्र और स्वयं पाकिस्तान सहित कई देशों की उस सूची में दर्ज हैं जहां वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नाम हैं। इन्हीं संगठनों के सहारे वह भारत में अक्सर आतंकी हमले करता रहता है।

जैश-ए-मुहम्मद का सरगना मसूद अजहर और लश्करे तय्यबा का करता धरता हाफिज सईद है। जब पाकिस्तान मजबूरी वश इनके संगठनों को कागजी तौर पर प्रतिबंधित कर देता है तो ये लोग अपने आतंक के तामझाम का कोई और नाम रख लेते हैं लेकिन धंधा वही चलता रहता है। आतंक के इसी सरंजाम के अगुवा हाफिज सईद ने 26 नवम्बर 2008 को मुंबई के कई ठिकानों पर आत्मघाती हमले करवाए थे। उसी तारीख को हर साल कुछ न कुछ करने की पाकिस्तानी फौज की कोशिश को भारतीय सुरक्षा तंत्र अच्छी तरह जानता है। इस बार भी ऐसी कोशिश होने वाली थी। उसके लिए उसी तैयारी के साथ आत्मघाती दस्ता भेजा गया था लेकिन चौकन्ना सुरक्षा तंत्र ने उन आत्मघाती आतंकियों को नगरोटा में मार गिराया।

पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान के पास ऐसे बहुत सारे तरीके हैं जिससे वह भारत में अशांति का माहौल बनाने की कोशिश करता है। भारत के बेरोजगार, अशिक्षित और गरीब मुस्लिमों को कट्टर बनाने की कोशिश भी एक तरीका है। हो सकता है कि इस तरह के और भी मोड्यूल कहीं और हों लेकिन यह सच है कि पाकिस्तान के फौजी तंत्र को यह आभास देना होता है ।

# श्रेष्ठ शरीर

साध्वी मनीषा

**यह** सर्वश्रेष्ठ मनुष्य शरीर परमात्मा की कृपा से बड़े सौभाग्य से मिलता है। परमात्मा ने इंसान का शरीर भी गजब का बनाया है। अनमोल स्वांस के भीतर इतनी शक्ति है कि जीते-जी इस शरीर में इतनी संभावनाएं छोड़ी हैं कि भोगने उतर जाओ तो जानवर से भी ज्यादा भोग सकते हो। यदि इस शरीर का सही उपयोग करके अभ्यास से इसके भीतर हृदय में विराजमान परमानंद का साक्षात्कार कर लिया जाए तो इसी शरीर में ब्रह्मांड का सम्राट भी बना जा सकता है। असीम संभावना वाली यह देह जाते-जाते, खत्म होने के बाद भी जिंदगी को लेकर गजब के संदेश दे जाती है। मरने के बाद मनुष्य शरीर जला दिया जाता है, दफना दिया जाता है या बहा दिया जाता है। तीनों ही स्थितियों में इसकी राख, मिट्टी बड़ा संदेश दे जाती है। चिता की राख में जो संदेश है वह उसकी आग में नहीं है। पांच-छह फीट का शरीर कुछ मुट्ठी राख में बदल जाता है।

अब आप सभी गहराई से चिंतन किजिए, यही तो सबसे बड़ा संदेश है कि आखिर में रह क्या जाएगा? जिंदगी भर जिस बात के लिए सारा तमाशा करते हैं, यदि उसके समापन पर नजर डाल लें तो इस स्वांस के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने के लिए तीव्र जिज्ञासा पैदा होती है। वो चंद मुट्ठी राख, वो कब्र की जरा-सी मिट्टी बताती है कि मेरे रूप में तब्दील होने से पहले तुम्हारे पास जो था उसका सदुपयोग कर लेना।

सऊदी अरब में आर्थिक संपन्नता में जीवन स्तर तो यूरोप के बराबर पर, नागरिक खुश नहीं। अब आधी आबादी को छूट। इस्लामिक देश होने का अर्थ कट्टरपंथी या रूढ़िवादी होना जरूरी नहीं, यह उन्होंने स्वीकार कर लिया। भरोसा है सब लोग समझेंगे, पर पहले गरीबी, अशिक्षा से निकले तब।

**- महेश पोद्दार, सांसद**


## आपके ट्वीट

शरद यादव जी समाजवाद के पुरोधा होने के साथ एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है।

उनके शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। देश के लिए उनका योगदान सदा याद रखा जाएगा।

**- राहुल गांधी**





ओटीटी प्लेटफार्म अपनी जबावदेही का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। वे आज के युवाओं के मन में हिंसा, व्याविचार और नकरात्मक तथ्यों का संचार कर रहें जो निदंनीय है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे में सामने आया- कौन है हिंदू ?

## सामयिक

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**कुछ** की मान्यता थी कि सच्चा भारतीय वही हो सकता है, जो हिंदू है या हिंदीभाषी हैं इस तरह की बात कहने वाले कौन लोग हो सकते हैं ? यह सर्वेक्षण इस प्रश्न का जवाब नहीं देता है लेकिन हम अंदाजा लगा सकते हैं। ये लोग वे हो सकते हैं, जिन्हें हम बुद्धिजीवी नहीं कह सकते हैं।

अमेरिका के प्यू रिसर्च सेंटर ने भारत की जनता के बारे में एक बड़ा रोचक सर्वेक्षण उपस्थित किया है। उसने भारत के लगभग तीस हजार लोगों से पूछताछ करके कुछ निष्कर्ष दुनिया के सामने रखे हैं। उसने भारत के विभिन्न धर्मों के प्रति लोगों की राय इकट्ठी की है। उस राय को पढ़कर लगता है कि धर्म-निरपेक्षता या पंथ-निरपेक्षता की दृष्टि से भारत दुनिया का शायद सर्वश्रेष्ठ देश है। इस सर्वेक्षण में भारत के हिंदू, मुसलमान, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और आदिवासियों से भी सवाल पूछे गए थे। 84 प्रतिशत लोगों ने कहा कि किसी भी ह्यसच्चे भारतीय के लिए यह जरूरी है कि वह सभी धर्मों का सम्मान करे। 80 प्रतिशत लोगों ने कहा कि भारत में उनको उनके धर्म के पालन की पूर्ण स्वतंत्रता है।

लेकिन उनमें से ज्यादातर लोगों ने कहा कि उनका गहरा संबंध और व्यवहार प्रायः अपने ही धर्म के लोगों के साथ ही होता है। उनका यह भी मानना था कि अंतरधार्मिक विवाह अनुचित हैं। कुछ हिंदुओं की मान्यता यह भी थी कि सच्चा भारतीय वही हो सकता है, जो हिंदू है या हिंदीभाषी हैं इस तरह की बात कहने वाले कौन लोग हो सकते हैं ? यह सर्वेक्षण इस प्रश्न का जवाब नहीं देता है लेकिन हम अंदाजा लगा सकते हैं।

ये लोग वे हो सकते हैं, जिन्हें हम बुद्धिजीवी नहीं कह सकते हैं। ये साधारण समझ वाले लोग हैं। यह जरूरी नहीं कि इनके दिलों में अहिंदुओं या अहिंदीभाषियों के लिए कोई कटुता या दुर्भावना ही हो। अपनी मोटी समझ और उथले अनुभव के आधार पर उन्होंने अपनी उक्त राय जाहिर की होगी लेकिन खान-पान को लेकर तो लगभग सभी लोगों की राय साफ और लगभग एक-जैसी है। याने जो गोमांस खाए, वह हिंदू नहीं हो सकता और जो सूअर का मांस खाए, वह मुसलमान नहीं हो सकता।

इसी प्रकार जातीय समीकरणों के बारे में ज्यादातर लोगों की राय (64 प्रतिशत) यह है कि अंतरजातीय विवाह नहीं होने चाहिए। अंतरधार्मिक विवाहों के बारे में भी ज्यादातर लोगों (64 प्रतिशत) की राय यही है। मेरी समझ में भारत की एकता और समरसता के लिहाज से यह राय ठीक नहीं है, हालांकि इन धार्मिक और जातीय बंधनों का टूटना आसान नहीं है। इन बंधनों को चूर-चूर होते हुए अपनी आंखों से मैंने अंडमान-निकोबार और सूरिनाम में देखा है। एक ही परिवार में विभिन्न धर्मों के पति-पत्नी को मैंने बहुत प्रेम से रहते हुए देखा है। मॉरिशस में अंतरजातीय परिवारों की भरमार है। मेरे अपने मित्रों के ऐसे सैंकड़ों परिवार देश-विदेश में हैं, जो अंतरधार्मिक और अंतरजातीय हैं। यह कितनी विचित्र बात है कि लोग मुसलमान और ईसाई तो बन जाते हैं लेकिन वे अपनी जात नहीं भूल पाते हैं।

इसे मेरे कुछ पाकिस्तानी मित्र हिंदुआना हरकत कहते रहे हैं। भारत के इस जातिवाद के आगे इस्लाम और ईसाइयत भी पस्त है। लेकिन मैं अपने पाकिस्तानी मित्रों से पूछता रहता हूं कि सब धर्मों के प्रति सहनशीलता की यह हिंदुआना आदत सभी मजहबी लोग क्या कभी अपने में पैदा कर पाएंगे ?

## कार्टून वर्ल्ड

कैसी मानसिकता?



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। अब सबको मोबाइल चिंता की बात है।

**-प्रदीप सिंह, रांची**

### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**-आनंद झा, जमशेदपुर**

# देश के विकास में प्रवासियों का योगदान

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**प्रवासी** भारतीयों की प्रतिभा विकसित देशों तक प्रतिष्ठित हो रही है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने पहली बार प्रवासी भारतीयों पर ध्यान केंद्रित किया है। नरेन्द्र मोदी अपनी प्रत्येक विदेश यात्रा में प्रवासियों से संवाद करते हैं। विगत आठ वर्षों के दौरान विदेशों में प्रवासी भारतीयों के अभूतपूर्व सम्मेलन हुए हैं। इनमें नरेन्द्र मोदी के साथ सम्बन्धित देशों के शासक भी मंच साझा करते रहे हैं। इस नीति के दो प्रभाव हुए। पहला यह कि सम्बन्धित देश में प्रवासी भारतीयों का सम्मान और प्रभाव बढ़ा। वहां के शासन ने उन्हें विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराईं। दूसरा यह कि इन प्रवासियों ने भारत की प्रगति में योगदान देना शुरू किया। वह अपनी मातृभूमि के प्रति दायित्व का निर्वाह करने लगे हैं। नए सिरे से भारतीय सभ्यता संस्कृति से जुड़ रहे हैं।

काशी के प्रवासी सम्मेलन में प्रवासियों का संस्कृति प्रेम दिखाई दिया था। इस सम्मेलन के बाद प्रवासी भारतीय प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए गए। उनके लिए यह भावनात्मक पल थे। यहां की व्यवस्था देख कर वह प्रभावित हुए थे। प्रयागराज कुंभ में कायम हुए अनेक वैश्विक कीर्तिमान से वह गौरवान्वित लग रहे थे। काशी,अयोध्या उज्जैन आदि के ऐतिहासिक नवनिर्माण उन्हें आकर्षित करते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान को देख कर उनका भी आत्मविश्वास जागृत होता है।

## चिंतन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर में प्रवासी सम्मेलन के सत्रहवें संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र अगले पच्चीस वर्षों के अमृत काल में प्रवेश कर चुका है।प्रवासी भारतीय समुदाय को वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को और ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। प्रवासी भारतीय को विदेशी धरती पर भारत के ब्रांड एंबेसडर है। इससे धर्म, संस्कृति और हमारी परंपराओं को प्रवासी भारतीय समुदायों में भी सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी वसुधैव कुटुंबकम के अनुरूप संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानने की दृष्टि महत्वपूर्ण हैं। गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने अपने पूर्वजों की धरती भारत को प्रणाम तथा महात्मा गांधी का स्मरण किया। इरफान अली ने कहा कि कोविड काल में जब वैश्वीकरण की संपूर्ण व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, तब नरेन्द्र मोदी ने देशों की सहायता कर दुनिया को प्रेम और सहयोग का संदेश दिया। भारत, विश्व में प्रतिभा और टेक्नोलॉजी के विकास में अन्य देशों की तुलना में कहीं आगे है। नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ देश आज दुनिया को नेतृत्व प्रदान कर रहा है। भौगोलिक दूरी की दृष्टि से भले ही दोनों देश दूर हों पर भावनात्मक रूप से निकटता बहुत अधिक है और भविष्य में हमारे संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी भारतीय दिवस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। पहली बार आयोजित अपनी तरह की इस डिजिटल प्रदर्शनी की थीम आजादी का अमृत महोत्सवः भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। यहां विदेश में चलाए गए गदर मूवमेंट का भी जिक्र है। प्रदर्शन में थ्री डी तकनीक से बना एक ऐसा सिस्टम लगाया गया है, जिससे बीस सेकेंड में आपको पता लगेगा कि आपका चेहरा देश के किस वीर सपूत से मिलता है। स्वामी विवेकानंद के अलावा महात्मा गांधी का भी रोचक तरीके से जीवन वृतांत बताया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## फांसी पर झूलकर किया जीवन समाप्त

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत गडलाही निवासी 23 वर्षीय नुसरथ प्रवीण पति मो मोनाजिर ने कौरकेट के पाइप में रस्सी लगाकर फांसी के फंदे से झूल गई। जिससे उसकी मौत हो गई, महिला के मायके वालों तक सूचना पहुंचने पर दर्जनों की संख्या में आए और घटना के पीछे मृतिका के पति मो मोनाजिर पिता स्व अजीम मिया, सास जुबेदा खातून पति स्व अजीम मिया सहित अन्य लोगो के खिलाफ बरही थाना में आवेदन देकर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आवेदन के आधार पर बरही पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर सास जुबेदा खातून पति स्व अजीज मिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

## गुरुकुल कोचिंग के निदेशक की जमानत याचिका खारिज

**हजारीबाग।** शहर के गुरूकुल कोचिंग के निदेशक जय प्रकाश जैन की जमानत याचिका जिला जज ने सोमवार को खारिज कर दी। जेपी जैन पर सदर थाना कांड संख्या 399/21 के तहत दफा 323, 354 बी , 504 व 506/36 का मामला दर्ज है। लंबित अग्रिम जमानत याचिका पर बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजकुमार राजू ने पैरवी की। उनकी दलीलों को न्यायालय ने खारिज करते हुए जमानत को अस्वीकृत कर दिया। सूचक की ओर से पीपी भरत राम, अधिवक्ता मनीष कुमार सिन्हा व मनोज कुमार सिंह ने पैरवी की।

## एनआरएचएम कर्मियों ने दिया धरना

**बरकट्ठा।** एनआरएचएम कर्मी ने सोमवार से अपनी सेवा को बंद करते हुए सीएचसी बरकट्ठा के समक्ष अनिशिचितकालीन हड़ताल पर चले गए है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल के क्रम में धरना पर बैठे। हड़ताली कर्मियों ने कहा कि नियमितीकरण समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल में हैं। प्रथम फेज में धरना और दूसरे फेज में संघ के राज्यस्तरीय आमरण अनशन किया जाएगा। धरना में वीणा कुमारी राणा, सुमन सिन्हा, किरण कुमारी, गुलनाज खातून, आरती देवी, मेनका कुमारी, बबिता कुमारी, सीमा कुमारी समेत आदि एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## जिले के सभी पसंस की बैठक 19 जनवरी को

**टाटीझरिया।** जिले भर के सभी पंचायत समिति सदस्यों का महाजुटान 19 जनवरी को हजारीबाग में होनेवाला है। इसकी जानकारी प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष संतोष मंडल ने दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न हुए लगभग 7 महीना हो चुका है ,लेकिन पंचायती राज अधिनयम 2001 में उल्लेखित अधिकार हमें नहीं मिल रहा है। आज तक पंचायत समिति सदस्यों का न तो प्रशिक्षण हुआ और न कोई अधिकार मिल रहा है।

## पुलिस को धोखा देने में कामयाब हो रहे हैं चोर

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बरसोत में संचालित खालसा होटल के किनारे खड़े ट्रक से अज्ञात चोरों ने ट्रक संख्या जेएच 05 सी - पी 0876में लगे मुख्य शीशा काटकर ट्रक में सो रहे ड्राइवर के द्वारा रखे पैसे को चोरी कर लिया।

## गंगासागर से स्नान कर वापस लौटे तीर्थयात्री

**टाटीझरिया।** प्रखण्ड क्षेत्र के नारायणपुर, भराजो, अमनारी और झरपो से 72 तीर्थयात्रियों का जत्था 6 जनवरी को गंगासागर के लिए निकला था 15 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मकर स्नान कर घर वापस लौट आए हैं। बता दे कि झरपो बुधबाजार दुगार्मंडप के प्रांगण से झरपो निवासी लक्ष्मी पाण्डेय के नेतृत्व में 6 जनवरी को जविप्र दुकानदार विजय प्रकाश मेहता, मालती देवी, जगलाल महतो, पार्वती देवी, जयलाल महतो, नागों पासवान, तुलसी साव, चुरामन महतो, कमल महतो, नागों पासवान, जसवा देवी, रोहणी देवी, रामेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, दसों महतो समेत अन्य 72 तीर्थयात्रियों का जत्था लेकर रजरप्पा के छिनमस्तिके, विक्टोरिया, तारामंडल, कालीघाट, तारापीठ, व गंगासागर में स्नान कर भक्त लौट आये।

# सेवा संपुष्टि प्रकरण में लेन-देन उजागर

## डीएसई से शोकॉज, लिपिक को लगी फटकार

झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने उजागर किया था मामला

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शिक्षकों की सेवा संपुष्टि मामले में लेन-देन का मामला उजागर हुआ है। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार की शिकायत पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक(आरडीडीई) ने संज्ञान लेते हुए डीएसई से शो-कॉज व लिपिक सतीश कुमार सिंह को कड़ी फटकार लगाई है। आरडीडीई की इस कार्यवाई के बाद डीएसई व उनके कार्यालय पर सवाल उठने शुरू हो गए।

**सेवा पुस्तिका में डीएसई के प्रतिहस्ताक्षर व पैसों की मांग से जुड़ा है मामला:** पूरा मामला मध्य विद्यालय बरही के सहायक शिक्षक ब्रजभूषण कुमार से डीएसई कार्यालय के लिपिक सतीश कुमार सिंह द्वारा पैसों की मांग से जुड़ा है। उक्त शिक्षक ने आरडीडीई को दिए लिखित बयान में कहा है कि सेवा संपुष्टि के बाद मूल सेवा पुस्तिका उन्हें लौटाने की एवज में लिपिक ने पैसों की मांग की थी। हालांकि इसका विरोध करने के बाद उन्हें मूल सेवा पुस्तिका लौटा दी गई। आरडीडीई की सुनवाई के दौरान शिक्षक संघ के सचिव कुमार सत्यपाल ने उक्त शिक्षक का पक्ष रखते हुए लिखित बयान दिया कि सेवा संपुष्टि के बाद भी शिक्षकों को मूल सेवा पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई गई। इसका मुख्य कारण पैसों की उगाही करना रहा है। वहीं सेवा संपुष्टि के बाद डीएसई ने पत्र जारी कर प्रतिहस्ताक्षर के लिए सेवा पुस्तिका को कार्यालय में जमा करने का आदेश निर्गत किया था। इस मामले पर आरडीडीई ने डीएसई से ऐसा किए जाने संबंधी नियमों की जानकारी मांगी है।

# 67 लाख की लागत से बन रहे स्कूल में अनियमितता

उप प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष और प्रमुख प्रतिनिधि ने कार्य स्थल का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्य देखते उप प्रमुख व अन्य लोग।

**इचाक।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगुरा स्कूल में 67 लाख की लागत से बनाई जा रही स्कूल में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लगातार सूचना मिलने उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार ने औचक निरीक्षण किया। उप प्रमुख सतेन्द्र कुमार ने बताया की जब स्कूल बनाने की बारी आती है तो सालों तक आंदोलन करना होता है तब जाकर स्कूल बनाया जाता है। ठेकेदार से फोन कर मामला को अवगत कराया और इस्टीमिट की मांग किया। प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार रविदास ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा मिट्टी युक्त बालू, मिट्टी युक्त छरी, 3 नम्बर की इट की प्रयोग हो रहा है। स्कूल की कार्य की देखरेख कर रहे विकाश कुमार से पूछे जानें पर सब माल मेटेरियल को सही और एक नम्बर का बताया गया लेकिन निरीक्षण करने पर जे ई से बात की गई और उपयोग हो रहे बालू, इट, छरी की नरम क्वालिटी को बताया गया,वह भी स्वीकार कीए की बालू और छरी में मिट्टी का अंश है। ठेकेदार द्वारा यह कह कर पल्ला झाड़ ली है कि बालू, इट, छरी अपना घर से नहीं देते हैं। बालू इट छरी जो मिलता है वहीं दे रहें हैं। 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर रविदास ने अनियमितता को देखते हुए काम को रोक देने की बात कही और अच्छी क्वालिटी की माल मटेरियल देकर काम करवाने का आदेश दिया।

## विविध कार्य होने से विद्यालयों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा : अंबा प्रसाद

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के गरसुल्ला पंचायत के ग्राम लुरुंगा में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलान्यास सोमवार को किया। वही कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर विधायक का ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर व पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से लगभग 50 लाख की लागत से विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य करवाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य होने से गांव के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल विद्यालय में बन पाएगा। बच्चों को विद्यालय में उत्तम शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधा व संसाधन मिलेगी। आगे कहा कि पूरे क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है, दिन प्रतिदिन बड़कागांव विधानसभा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कार्य करा रहे संवेदक को कहा कि विकास योजना में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, चारदीवारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए तथा निर्माण कार्य समय से पूरा करें। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया मालती देवी, शमशेर आलम, पूर्व मुखिया छक्कन बेदिया, लखेश्वर महतो, सुधि महतो, सुरेश साहू, गीता देवी, मनोज महतो, उमेश साव, विनोद साव, दूधेश्वर तुरी, धनु गंझु, मेघलाल तुरी, कुलेश्वर गंझु, कैलाश महतो, देवेंद्र ठाकुर, केवल महतो, सुरेंद्र महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

# परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर उप विकास आयुक्त ने की बैठक

## 28,505 विद्यार्थी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में होंगे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 हेतु परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में कुल 14487 विद्यार्थी माध्यमिक की परीक्षा में शामिल होंगे। जिसके लिए जिले में कुल 55 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। वहीं, इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 14018 विद्यार्थी शामिल होंगे जिसके लिए कुल 40 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने बच्चों के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की सहूलियत व उचित यातायात की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों का चयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं पेयजल, शौचालय आदि की उचित व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एडो के अध्यक्ष जसविंदर खुराना पहुंचे कंपनी के रामगढ़ शोरूम



**रामगढ़।** गुडगांव दिल्ली से एडो कंपनी के अध्यक्ष जसविन्दर खुराना मंगलवार को न्यू बस स्टैंड स्थित कंपनी के शोरूम डिस्ट्रीब्यूटर रॉयल इंटरप्राइजेज पहुंचे। उनके आगमन पर शोरूम के संचालक इमरान रजा खान ने मोमेंटों प्रदान कर एवं शॉल ओढ़ाकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही एडो कंपनी के आरएसएम सेल्स प्रभाकर झा, एएसएम पंकज कुमार व ईएसएम गणपत कुमार को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि जिला के कंपनी के प्रतिनिधि लोकल डिस्ट्रीब्यूटरों तक पहुंचकर एडो कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी हम देते हैं। उन्होंने कहा कि बैटरी में सबसे अधिक वारंटी व इनवरइटर में हमारे कंपनी द्वारा वारंटी के साथ बेहतरीन सर्विस भी दी जा रही है। संचालक ने बताया कि रामगढ़ के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में एडो कंपनी के बैटरी व इनवर्टर हमारे द्वारा सर्विस दी जा रही है। कहा कि 0 प्रतिशत डाउन पेमेंट पर फाइनेंस की सुविधा ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। मौके पर अजीत कुमार, शाहिद अली (टुचन), आशिक अली, कमरान रजा खान, शाहिद अली, हाजी फिरदोस सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना

**हजारीबाग।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मचारी संघ एवं एएनएम जीएनएम संघ के राज्य स्तरीय कमिटी के निर्णय अनुसर अनिश्चित कालीन धरना जिला अध्यक्ष सुनीता कुमारी सचिव हैमंती कुमारी की अगुआई में सिविल सर्जन कार्यालय हजारीबाग के समक्ष चलाया जा रहा है। विदित हो कि अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के द्वारा लगातर नियमितिकरण को लेकर आंदोलन जरी है। धरना कार्यक्रम में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा हजारीबाग के राज्य अध्यक्ष जिला मंत्री द्वारा भी संबोधन व्यक्त किया गया है। हजारीबाग के सभी प्रखंड से एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्स रे टेक्नीशियन,नेत्र सहायक आदि लोग भी नियमिटीकरण के लिए अपने आवाज बुलंद की है।

### किसानों को धान का नहीं मिला पैसा

**दारू।** रामदेव खैरिका पैक्स के संचालक भीम शर्मा ने किसानों का धान लेकर 19 लाख रुपैये से अधिक का गबन कर दिया जिस कारण इस पैक्स में धान दिए किसानों को अबतक उनकी फसल की सम्पूर्ण राशि नही मिली। इसी बात को लेकर मंगलवार को दारू प्रखंड के वैसे किसान जिनका भुगतान नही मिल पाया उन्होंने एकजुट होकर जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय और जिला आपूर्ति से मुलाकात कर भुगतान करने की मांग की। किसानों का कहना है कि प्रखंड के कुल 67 किसानों का 1836 क्विंटल धान का कुल 19 लाख रुपैया बकाया है जिसका भुगतान अबतक नही मिला है। इन किसानों को धान की पहली किस्त का भुगतान हुआ है पर दूसरी किस्त का भुगतान पाने के लिए वे अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने को विवश है। किसानों ने उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिलने के बाद बताया कि उपायुक्त ने आवेदन मिलने के बाद भुगतान का भरोसा दिलाया है जबकि जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर दी जाएगी।

### शिव मंदिर की ढलाई आज : राजेश सिन्हा

**भुरकुंडा।** हिन्दू जागरण मंच के रामगढ़ जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि भुरकुंडा के रामनगर स्थित निर्माणाधीन शिव मंदिर का छत ढलाई बुधवार को होगा। उन्होंने हिन्दू धर्मानुरागियों से इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर पिछले छह माह से निर्माणाधीन था। मंदिर निर्माण कार्य हेतु राजेंद्र राम को अध्यक्ष के रूप में कार्यभार सौंपा गया था। उन्होंने क्षेत्रवासियों से निर्माण में सहयोग को ले अपील की है।

### जुगरा में रुद्र महायज्ञ का ध्वजारोहण किया गया

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम जुगरा शिव मंदिर प्रांगण में निर्मित विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह वैदिक श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ के लिए भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम महायज्ञ सेवा समिति ग्राम जुगरा के तत्वाधान में किया गया। रुद्र महायज्ञ 12 फरवरी 2023 को कलश यात्रा के साथ शुरू करते हुए 20 फरवरी 2023 को महायज्ञ का पूणार्हुति एवं महा भंडारा के साथ संपन्न किया जायेगा।

# 8 का धरना ऐतिहासिक होगा : रोशन लाल चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित संघ के लोग।

**बासल (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक मंगलवार को सयाल स्थित संघ कार्यालय में हुई। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा कि कोयला मजदूरों, ठेका मजदूरों व विस्थापितों की 24 सूत्री मांगों को ले आगामी 8 फरवरी को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि यह धरना ऐतिहासिक होगा। वहीं केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि इस धरना प्रदर्शन में बरका-सयाल क्षेत्र से 200 की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। कहा गया कि 24 सूत्री मांगों में कंपनी स्तर पर संरचनात्मक बैठक में संघ को शामिल करने, बंद कोलियरियों को सीटीओ की अनुमति देकर चालू करने, भुरकुंडा अस्तपाल में डिजीटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने, ठेका मजदूरों को हाई पावर कमेटी का वेतन मान व अन्य सुविधा देने आदि मांगे प्रमुख है। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव, विनोद कुमार सिंह, अनिल राम, शंकर, रंधीर साव, धर्मेंद्र मिश्रा, विकास कांत सिन्हा, कमलेश, शिवनंदन दास, गुरूदयाल ठाकुर, राधिका सिंह, एसएस डे व अन्य मौजूद थें।

# खेलों में भी करियर की संभावनाएं : कृष्णा साव



भुरकुंडा (रामगढ़)। सयाल हिल व्यू स्टेडियम में मंगलवार से दीपू मेमोरियल फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मौके पर समाजसेवी शणा साव व अनूप कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है सिर्फ तराशने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए संसाधन उपलब्ध कराया जायेगा। साव ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी कैरियर बनाया जा सकता है। टूर्नामेंट के विजेता टीम को बड़ा खस्सी एवं उपविजेता टीम को छोटा खस्सी देकर पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर शशि दुसाद, छोटन सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें। टुर्नामेंट को सफल बनाने में आकाश पासवान, दीपू कुमार, बंटी कुमार, बबलू, बिट्टू राणा, अंकित कुमार, अक्षय, पिंटू मुंडा, रोहित कुमार, मोहन कुमार, अब्दुल, अरविंद कुमार, लक्ष्मण, संतोष, एजाज आदि जुटे हैं।

## मांगों पर पहल नहीं हुई तो होगा आंदोलन : कम्युनिस्ट पार्टी



**भुरकुंडा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में बलकुदरा खुली खदान में विभिन्न समस्याओं को ले भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप अविलंब कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा है कि पीएलआर कंपनी द्वारा संचालित बलकुदरा खुली खदान में ब्लास्टिंग के दौरान मकानो में दरारें पड़ रही है। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन इन समस्याओं का अविलंब समाधान करे वरना भाकपा आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालो में भाकपा जिला सचिव विष्णु कुमार, अंचल सचिव मनोज कुमारे, बलकुदरा शाखा सचिव मनोज पहान, रवि मुंडा, यदुराज मुंडा, सनी मुंडा आदि शामिल थें।

# कांग्रेस की सेवा दल इकाई हुई सक्रिय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता।

**बरही।** सेवा दल कांग्रेस पुनः सक्रिय होकर बरही विधानसभा सभा कमेटी के माध्यम से कार्यकारिणी के गठन को लेकर बरही पूर्वी पंचायत के सभागार में पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अमित पासवान को विधानसभा महासचिव, होरिल गोप को विधानसभा सचिव, शरीफुल हक को बरही प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कौलेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को बरसोत पंचायत अध्यक्ष, दिनेश चंद्रवंशी को बरसोत पंचायत महासचिव, धुपाली यादव एवं राजकुमार यादव को बरही विस कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। सेवा दल के बरही विधानसभा अध्यक्ष उदय केसरी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मार्गदर्शक एवं पर्यवेक्षक के रूप में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला सचिव दीपक गुप्ता, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार शामिल हुए। इस बाबत जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि भविष्य के दिनों में सेवा दल वटवृक्ष के रूप विकसित होगा। पहली बार उदय केसरी के नेतृत्व में इसकी आधारशिला रखी जा रही है।

# स्कॉलर्स हाई विद्यालय में चैरिटी मेला एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में त्याग, करुणा, परोपकारिता, दान जैसे गुणों का विकास होता है : गीतांजली जालू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम में शामिल

**रामगढ़।** रांची रोड मरार स्थित स्कॉलर्स हाई विद्यालय में चैरिटी मेले एवं भव्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर निदेशिका गीतांजलि जाजू ने कहा इस प्रकार के चैरिटी मेले का आयोजन विद्यार्थियों में संस्कार पक्ष को बाल्यकाल से ही त्याग , करुणा, परोपकारिता, दान-महाकल्याण जैसे सूत्रों के मोतियों से एक माला के रूप में तैयार करता है। जिससे आगे चलकर ऐसी सो संस्कारित एवं लोक कल्याण के साथ-साथ सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की विचारधारा को समावेशित करते दृष्टि रूपी समाज एवं राष्ट्र को सुशोभित करती है।

विभिन्न प्रकार के खेल, झूले, टैटू आर्टिस्ट और नन्हे नन्हे बच्चों के बेबी शो तथा नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मेले में जहां बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के आकर्षक एवं मनमोहक स्टॉल लगाए वहीं, दूसरी तरफ विद्यालय के कई अभिभावकों ने भी इसमें अपनी पूरी सहभागिता स्टॉल लगाने को लेकर दिखाई। इनसे प्राप्त राशियों का भाग चैरिटी के लिए दान दिया गया। प्रतियोगिता के सफल विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन प्रमुखों में विद्यालय की शिक्षिका अदिती कुमारी, निशू कुमारी सिंह ,फरहत जहां ने कार्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से तैयार किया। विद्यालय के चेयरमैन गोपाल जाजू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को साधुवाद दिया और सभी बच्चों, अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# युवाओं के सहयोग से सभी सपने होंगे साकार : अरुण साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू के निजी आवास बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना द्वारा मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर दही चूड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा विधानसभा की महिला नेत्री शालिनी गुप्ता, महिला नेत्री साबी देवी, तिलेश्वर साहू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, कोडरमा के व्यवसायी दीपक गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बरही विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित होकर दही चूड़ा का आनंद उठाया। तिलेश्वर साहू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि यहां के दलित व मजलूमों का हक दिलाने का काम स्थानीय युवकों के सहयोग से पूर्ण किया जायेगा। मौके पर बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, प्रधान सचिव विशुनधारी महतो, उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर व अन्य मौजूद थें।

# गलत तरीके से जमीन का म्यूटेशन कराने से सदमे में रैयत ने तोड़ा दम

## विरोध में चैनपुर-गुमला मार्ग घंटों जाम

- बीडीओ ने सभी म्यूटेशन रद्द कर जमीन वापसी का दिया आश्वासन
- चैनपुर प्रखंड में करीब 30 वर्षों से दलाल रौतिया समाज की जमीन को गलत तरीके से करा रहें हैं कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड में दलालों की चल रही दादागिरि से परेशान जमीन मालिकों की सदमे में मौत हो रही है। विशेषकर दलाल रौतिया समाज के लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं जो आज से नहीं लगभग 30 वर्षों से चला आ रहा है। जिसमें अंचल कार्यालय चैनपुर की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। रौतिया समाज के एक व्यक्ति की जमीन गलत तरीके से म्यूटेशन कर हड़प लेने से रैयत की सदमे में मौत हो गई। जिसको लेकर मंगलवार को रौतिया समाज के लोगों ने चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। वहीं रौतिया समाज के कई लोगों का जमीन अब भी गलत तरीके से म्यूटेशन कर दिया गया है जो जांच का विषय है। वहीं रौतिया समाज के कई लोगों का जमीन भी जमीन दलालों के द्वारा हड़प लिया गया है। जिसको लेकर सड़क जाम किया गया था। रौतिया समाज के लोगों ने कहा है कि उनके जमीन का गलत तरीके से किया गया म्यूटेशन अविलंब रद्द किया जाए और जिनके जमीन हड़प लिये गये हैं उनपर फिर से संबंधित व्यक्ति को अधिकार दिलाया जाए। क्योंकि जमीन दलाल ऐसे दबंग है कि जमीन हड़प के बाद लोगों की हत्याएं भी करा देते हैं। पूर्व में ऐसी घटना घट चुकी है।

जाम की सूचना पर जाम स्थल पहुंचे बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि जमीन दलालों के द्वारा रौतिया समाज के लोगों का गलत तरीके से रजिस्ट्री करा ली गई है और म्यूटेशन भी हो गया है। उन्हें लिखित रूप से आश्वासन दिया गया है कि जो भी जमीन को फर्जी तरीके से लिखा लिया गया है और म्यूटेशन कर दिया गया है। वे सभी मोटेशन को रद्द कर दिया जाएगा और जमीन की वापसी कर दी जाएगी। बीडीओ के आश्वासन के बाद जाम को मुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि एक शिष्टमंडल रौतिया समाज का आकर मिलेगा और पूरे जमीन का डिटेल्स दिया जाएगा। जिसके बाद इसपर कार्रवाई किया जाएगा। इस मामले को लेकर उपायुक्त गुमला को भी सूचना दी गई ।उपायुक्त ने कहा कि जो भी गलत रजिस्ट्री अथवा म्यूटेशन हुआ है उसे रद्द कर उसपर कार्रवाई कर जमीन को वापसी कराई जाएगी।



जामकर्ताओं से वार्ता करते बीडीओ।

# जेएसएलपीएस की दीदियों के परिवारों को मिले राशन

## पेंशन और बीमा का लाभ दें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जेएसएलपीएस की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से जेएसएलपीएस डीपीएम सहित संबंधित विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने इस सप्ताह रागी प्रोसेसिंग मशीन का उद्घाटन करते हुए कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने फरवरी के अंतिम सप्ताह तक जिले में भव्य रागी फेस्ट का आयोजन करने पर योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले भर के सभी डीपीएम को भी इस फेस्ट में आमंत्रित करने की बात कही। उपायुक्त ने रागी के प्रोसेसिंग से लेकर प्रोड्यूसिंग एवं पैकेजिंग के साथ साथ मार्केटिंग पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। सभी किसानों को उनके उत्पादन के अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में जिले के सभी जेएसएलपीएस से जुड़ी दीदियों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सहित राशन , पेंशन एवं बीमा योजना से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाना था। जिले के लगभग 1,78,000 जेएसएलपीएस की दीदियों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया गया है। इसके अलावा बैठक में अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने प्लास मार्ट की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। वहीं अधिक से अधिक लेमन ग्रास के उत्पादन पर कार्य करने की बात कही। पशु टीकाकरण के महत्ता को देखते हुए उपायुक्त ने पशु सखी को एक्टिव करने का निर्देश दिया।



## अनुबंध कर्मियों की हड़ताल से चिकित्सा व्यवस्था चरमरायी




**गुमला।** जिले में 15 वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत पारा मेडिकल कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से पूरे जिले में चिकित्सा व्यवस्था चरमा गई है। क्योंकि जिले के कई अस्पतालों में नर्सें ही स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाती हैं। गुमला सदर अस्पताल में भी फिलहाल चार नर्स अपनी सेवा दे पा रही है। जिले के पारा मेडिकल कर्मी नियमित करने की मांग को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सामने धरना पर बैठी हैं। जिले के एनएचएम, एएनएम, जीएनएम एवं अन्य अनुबंध कर्मी हड़ताल पर हैं। पारा मेडिकल कर्मी नियमावली 2018 में आंशिक संशेधन करते हुए वर्ष 2014 के तर्ज पर सभी अनुबंध कर्मियों के नियमित करने की मांग कर रहे हैं। धरना पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि वे चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ हैं। कोविड 19 काल में वे जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा की। अल्प मानदेय में काम करने के कारण उन्हें परिवार चलाने में कठिनाई होती है। उन्हें सरकार नियमावली में संशोधन कर नियमित करे। इधर डीएस अनूम किशोर ने कहा कि अनुबंध कर्मियों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था में असर पड़ा है। सदर अस्पताल में 27 अतिरिक्त लोग हैं।

## शिक्षक नियुक्ति में एससी को आरक्षण देने की डीसी से मांग



**गुमला।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सदस्यों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मंगलवार को शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में एससी वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण देने की मांग की। मालूम हो कि झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला में संविदा के आधार पर शिक्षक चयन हेतु विभिन्न विषयों के योग्य अभ्यर्थियों से 25 जनवरी तक आवेदन मांगा गया है।

परंतु गुमला जिला में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कोई भी विषय में जगह नहीं दिया गया है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी जी के मार्गदर्शन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त सुशांत गौरव से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षा विभाग के विज्ञापन को संशोधित कर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को भी शिक्षक चयन प्रक्रिया में शामिल करने की मांग रखी है। इस संबंध में उपायुक्त ने रोस्टर जांच कर अनुसूचित जाति वर्ग को भी शामिल कराने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने झारखंड के हेमन्त सोरेन सरकार को दलित विरोधी बताते हुए दलित समाज के हक अधिकार को छीन लेने का आरोप लगाया है।

## रायडीह में 10 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर धराये

**रायडीह।** रायडीह पुलिस ने 10 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस के द्वारा मंगलवार थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक वाहन से गांजे की तस्करी की जा रही है। पुलिस द्वारा काफी कड़ाई के साथ वाहनों की चेकिंग आरंभ की गई। इसी दौरान सफेद रंग का कार तेज रफ्तार से आ रहा था। वाहन जांच दल ने उसे रोका और चेकिंग किया। जिसमें 5 किलो का दो बैग में कुल 10 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया । इसमें वाहन चालक सह मालिक एवं दो गंजा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्करों में नौशाद खान, रितेश कुमार, जय प्रताप कुमार सिंह के नाम शामिल है । इस संबंध में रायहीह थाना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन के द्वारा नशा उन्मूलन के लिए लगातार अभियान चली जा रही है। इस क्रम में सफलता मिली है। यह कार पतराटोली से गुमला की ओर जा रही थी । तभी यह गिरफ्तारी हुई है । पुलिस इसे एक बड़ी सफलता मान रही है क्योंकि कई ऐसे दस्तावेज मिले हैं जो नशा गिरोह को भंडाफोड़ करने में प्रशासन को सहायता मिल सकती है। वाहन चेकिंग के दौरान वीडियो अमित मिश्रा भी उपस्थित थे।



## भंडरा में मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



**भंडरा ।** योजना वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का भव्य स्वागत कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भंडरा में किया। डॉ रामेश्वर उरांव अमर शहीद पांडे गणपत राय की जयंती समारोह में भाग लेने के लिए भौरों स्थित स्मारक स्थल में जा रहे थे। इसी क्रम में भौरों मोड में कार्यकताओं के द्वारा डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत किया गया। इस क्रम में डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यकताओं से मिलकर हालचाल जाना एवं क्षेत्र की जानकारी ली।

# शहीद की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जायेगी : उरांव

**भौंरो में जयंती पर मंत्री ने शहीद पांडेय गणपत राय को किया नमन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा ।** 1857 के वीर शहीद पांडेय गणपत राय की 214 वी जयंती पर मंगलवार को जिलेवासियों ने नमन किया। पांडेय गणपत राय जयंती के मौके पर उनके पैतृक गांव भंडरा प्रखंड के भौंरो गांव में जयंती सह विकास मेला का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ बतौर अतिथि मंत्री सह स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत,उपायुक्त डॉक्टर कृष्ण कुमार बाघमारे व पांडेय गणपत राय की परपोती डॉ. वंदना राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। लोहरदगा-रांची समेत राज्य के अलग-अलग स्थानों से पहुंचे लोगों ने शहीद को नमन करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। स्मारक समिति की अध्यक्ष डॉ. वंदना राय ने कहा कि गांव में जो भी जन समस्याएं है, उन्हें सरकार दूर करें। तभी शहीद की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अतिथियों ने जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल व परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण,डीडीसी, एसडीओ अरबिंद लाल, शहीद पांडेय गणपत राय स्मारक समिति की अध्यक्ष वंदना राय, उपाध्यक्ष संजय खत्री, बीडीओ रणजीत सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, राजेश लाल, प्रणव बब्बू, सुनील सहाय, संजय सिन्हा , सीमा सिन्हा गणेश लाल, सुजीत भगत, भाजपा,आजसू,कांग्रेस झामुमो के कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

भौंरो गांव का होगा विकास : अमर शहीद पांडेय गणपत राय के पैतृक गांव भौंरो में आयोजित जयंती सह विकास मेले में आये मुख्य अतिथि मंत्री सह स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव ने कहा कि भौंरो गांव में बुनियादी समस्याओं को भी यथाशीघ्र ठीक कराने को लेकर सरकार से पहल किए जाने की बात कही। उन्होंने जो समृद्ध व खुशहाल गांव समाज का सपना देखा था। हम सभी को मिलकर उनके सपनों को उड़ान देने की जरूरत है। जिला प्रशासन हर स्तर से गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डीडीसी ने कहा कि आज हम सभी जो कुछ भी हैं वह शहीदों की कुबार्नी व उनके बलिदान से है। शहीद पांडेय गणपत राय के गांव पहुंचकर वे खुद को काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शहीद के गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।



## स्पीड न्यूज

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा जिला में सबसे बेहतर : उपायुक्त



**भंडरा ।** उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था एवं साफ-सफाई को देखकर उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार एवं उनके सभी सानिध्य डाक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की ।उन्होंने कहा की भंडरा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला में सबसे बेहतर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था इतनी अच्छी है। इसमें नेतृत्व के साथ सभी सहयोगी का अहम भूमिका है ।लोगों को अपने कार्यक्षेत्र में इसी तरह से काम करना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आंतरिक एवं बाह्य परिसर में की गई साफ सफाई एवं सजावट सराहनीय है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ओपीडी ,आकस्मिक सेवा केंद्र, लैबोरेट्री ,प्रसव केंद्र, कुपोषण उपचार केंद्र ,सभा भवन, कोविड जांच केंद्र,युवा मैत्री केंद्र,रसोई सहित बाह्य परिसर का निरीक्षण किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर संजय सुबोध, प्रभारी डॉ संजय कुमार ,डॉ आकाश कुमार, डॉ अविनाश कुमार ,डॉक्टर ओम कुमार, डॉ अमित कुमार,ऋतु कुमारी, बीपीएम मेरी निर्मला जेम्स बेक, साजिद आलम, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### शोकाकुल परिजनों से मिले सांसद



**भंडरा ।** पिछले दिनों कोयल नदी मे नहाने के क्रम मे भौरों निवासी निरंजन साहू के पुत्र आनंद साहू का पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी । दुखद समाचार मिलाने के बाद सांसद सुदर्शन भगत जी उनके घर जाकर शोकाकुल परिवार से मिल कर सांत्वना व्यक्त किया परिवार के लोगों को इस दुख की घड़ी में साथ रहेगा कहा मोका में उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी पूर्व बीस सूत्री अध्ययन राजकिशोर साहू जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह दुख प्रखंड महामंत्री पंकज साहू आदि लोग उपस्थित थे ।


### भंडरा में परिसंपत्ति का हुआ वितरण

**भंडरा (लोहरदगा) ।** शहीद पांडेय गणपत राय के 214 वीं जयंती पर आयोजित जयंती सह विकास मेला में कई विभागों द्वारा परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। जे एस एल पी एस के 64 महिला समूहों के बीच 32 लाख का चेक दिया गया । साबित्री बाई फुले समृद्धि योजना के तहत 12 किशोरियो को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित, 12 लोगो को पेंसन स्वीकृति, भौरों गांव के 20 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं एक अंबेडकर आवास योजना के लाभुक को पुरुनता प्रमाण पत्र दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 7 किसानो के बीच पम्प सेट, तथा कैरों आदिवासी सुकर समिति को एक मिनी ट्रेक्टर और कृषि यंत्र, बाल विकास विभाग द्वारा 2 दिव्यांगों को व्हील चेयर दिया गया । तथा 50 गरीब असहायों के बीच कंबल का किया गया।

### पूर्व छात्रों का सम्मेल कल से

**लोहरदगा।** विद्या भारती झारखंड द्वारा आयोजित समिति पदाधिकारी एवं स्वावलंबी पूर्व छात्रों का सम्मेलन 18 –19 जनवरी 2023 को होना निर्धारित है। इस विषय में जानकारी देते हुए शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि इस सम्मेलन में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य एवं पूर्व छात्र शामिल होंगे। विद्या भारती अपने लक्ष्य को गति देने एवं समाज में चेतना जागृत करने के उद्देश्य से समय-समय पर पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित करती है। इसी क्रम में आयोजित इस बार के सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉक्टर कृष्ण गोपाल जी मुख्य अतिथि होंगे। इस सम्मेलन में पूरे झारखंड से सरस्वती शिशु – विद्या मंदिर के समिति पदाधिकारी, प्रधानाचार्य एवं स्वाबलंबी पूर्व छात्र शामिल होंगे। इस सम्मेलन के माध्यम से पूर्व छात्रों द्वारा अपने कार्यों को करते हुए राष्ट्रीय चेतना जागरण में योगदान देने एवं शिक्षा संस्कृति को भारतीयता के आधार पर प्रतिष्ठित करने में अपनी भूमिका निर्वाह करने की प्रेरणा मिलेगी और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में विद्या मंदिर से उत्तीर्ण पूर्व छात्रों के कार्यों में सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीयता के भाव को प्रतिष्ठित करने हेतु आह्वान किया जाएगा। यह कार्यक्रम आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलुम, रांची में आयोजित होगा।

### सड़क सुरक्षा को लेकर सेमिनार



**लोहरदगा ।**सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शहर के अपर बाजार स्थित प्लस 2 चुन्नी लाल उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें रा चुन्नी लाल उच्च विद्यालय, रा बालिका उच्च विद्यालय, रा कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा इत्यादि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। समाजसेवी सह मुख्य वक्ता संजय कुमार बर्म्मन ने क्षेत्रीय भाषा में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतलाया कि सड़क दुर्घटना में लगातार वृद्धि हो रही है, इसकी जानकारी हीं बचाव है। दुर्घटना होने के बाद यदि कोई जिन्दा रहे तो एक्सीडेंट निपटाने के लिए कई घंटे, हॉस्पिटल में कई दिन महीने या साल निकाल देते है। यदि हम सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे तब दुर्घटना हीं नहीं होगी। सड़क में हेल्मेट सीटबेल्ट का प्रयोग करें जितिया और तीज के भरोसे न रहें। अरुण राम ने बताया कि थोड़ी सी लापरवाही दुर्घटना का कारण बनता है फिर किसी की जान चली जाती है। फिर मरने वाले का पूरा परिवार तबाह हो जाता है। हमें अपने जीवन का महत्व समझना होगा। अमरेश कुमार ने कहा कि सड़क हादसे के बाद लोग तमाशबीन बने रहते हैं, फोटो वीडियो बनाते रहते हैं फलस्वरूप अधिक रक्तस्राव के कारण दुर्घटना ग्रस्त का जान चला जाता है। गुड सेमेरिटन के तहत यदि कोई दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचता है तो उसे सरकार की ओर से पांच हजार रुपए की पुरस्कार है।

## एक नजर में

### लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं में 40 प्रतिशत चलता है भ्रष्टाचार : विजय सिंह



**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला के तत्वधान में लघु सिंचाई विभाग गुमला में फैले भ्रष्टाचार व हाथी से बचाव के लिए पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत माले के जिला सचिव प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में कचहरी परिसर में धरना दिया गया । झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं में 40फीसदी से भी ज्यादा भ्रष्टाचार बेरोकटोक चल रहा है। सिंचाई के नाम पर बिशुनपुर के भैया बांध में मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार और पालकोट गांधीनगर के चिलकोता में चेकडैम योजना में प्राक्कलन को ताक पर रखकर घटिया निर्माण कराई गई है । धरना कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने की। वहीं कार्यक्रम में अजीत विश्वकर्मा, शंकर उरांव, शिवप्रसाद साहू, भूषण सिंह, धर्मपाल उरांव, धरम महतो , ललन साहू, बंधन लोहरा, रमेश यादव, गोपेश्वर गोप, सोमरा खड़िया, मालती देवी, कुशमा मिंज , के अलावे दर्जनों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### रोजगार योजनाओं का करें चयन : बीडीओ



**घाघरा ।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने बैठक कर योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। वही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पंचायत सेवक व रोजगार सेवक सहित मनरेगा कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक मजदूरो को मनरेगा में मजदूरी मिले इसे इसके अनुरूप योजनाओ का चयन करे। किसी भी लाभुक को मजदूरी भुगतान के लिए परेशानी ना हो। कोई भी ग्रामीण दूसरे प्रदेश पलायन ना करे इसे ध्यान में रखते हुए गांव के लोगों को योजना दे। इस मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ अजय लकड़ा, निर्मल उरांव, अशोक कुमार, आशिक मीर, राजू उरांव, विवेक कुमार व विकास गुप्ता सहित कई पंचायत समिति सदस्य, रोजगार सेवक व कमी लोग मौजूद थे।

### शिक्षिक अंबिका भगत बनीं अपर उप समाहर्ता



**घाघरा।** बिशनपुर प्रखंड के मंजीरा गांव निवासी शिक्षिका अंबिका भगत के अपर उप समाहर्ता बनने पर मंजीरा गांव जाने के क्रम में घाघरा चांदनी चौक में समाजसेवियों ने मंगलवार को स्वागत किया। इस क्रम में अपर उप समाहर्ता अंबिका भगत को समाजसेवियो ने बुके देकर व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर अपर उप समाहर्ता अम्बिका भगत ने शहीद देवनारायण के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और लोगों का अभिवादन किया। साथ ही खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आप लोगों का प्यार स्नेह के बदौलत ही में इस मुकाम तक पहुंची हूं। यहां बता दें कि अंबिका भगत लोहरदगा में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन के पद पर नियुक्त है और प्रथम उप समाहर्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण कर अपर उप समाहर्ता बनी। उनका स्वागत करने वाले समाजसेवियों में विधायक प्रतिनिधि संजीव उराव, शिक्षक विजय कुमार साहू ,आदित्य भगत ,झरि उराव,राजेश पंडित, अमित ठाकुर, रवि पहान, मिथिलेश मणि पाठक, सुशील उरांव,सहित कई समाज सेवी उपस्थित थे।

### बाइक व टेंपो की टक्कर में तीन घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के गणेशपुर डिपा के समीप सोमवार रात तेज रफ्तार बाइक व टेंपो की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में गुमला थाना क्षेत्र के असली गांव निवासी 22 वर्षीय आलोक पन्ना, 17 वर्षीय मोहित उरांव वह हर मैं गांव निवासी तुम कुचालक 35 वर्षीय समीम बक्स का नाम शामिल। मिली जानकारी के अनुसार आलोक पन्ना अपने दोस्त मोहित उरांव के साथ बाइक से डुमरी से अपने घर असनी की ओर जा रहा था। इसी दौरान गुमला से टेंपो लेकर समीम बक्स अपने घर अरमई जा रहा था। इसी क्रम में गणेशपुर दीपा के समीप टेंपो व बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक व ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल अलोकपर्णा को रांची रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में अलोक पन्ना को गंभीर चोट लगी है।

### सल्फास खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के सोसो लट्ठा टोली गांव निवासी प्रथम उरांव के 20 वर्षीय पुत्र राम किशुन तिर्की ने मंगलवार को सल्फास खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे गंभीर स्थिति में गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि जब वे घर पर नहीं थे तब राम किशुन ने यह कदम उठाया है। घर पर रखे सल्फास की गोली का सेवन उसने किया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### मधुवन गांव में दोनों ट्रांसफार्मर हुए खराब



**गुमला।** सदर प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के मधुवन गांव के लोग अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश हैं। गांव का दोनों ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। जिसे मधुवन सहित आस-पास के गांव के लोग बिना बिजली के रात गुजारने को विवश हैं। इन दिनों जिले में हाथियों का प्रकोप बढ़ गया है। मधुवन गांव के आस-पास का क्षेत्र वनों से अच्छादित है। लोग बिजली नहीं रहने से परेशान हैं और हाथी का भय भी उन्हें सता रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभाग को ट्रांसफार्मर के लिए कहा गया लेकिन अब तक विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि मधुवन गांव में जल्द से जल्द ट्रांसफरर्मर उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**गुमला।** गुमला पुलिस व सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा मंगलवार को स्थानीय टावर चौक में वाहन जांच अभियान चलाया गया। सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार व थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले कई बाईकों को जब्त किया गया। जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आज चलाये गये अभियान के दौरान लोगों को जागरूक भी किया गया।

### हिंदू संगठन के पदाधिकारी का भव्य स्वागत

**गुमला।** हिंदू राष्ट्रीय आंदोलन के तहत राष्ट्रीय हिंदू संगठन के द्वारा संचालित 33 दिवसीय यात्रा के दौरान संघ के पदाधिकारी रथ सहित मंगलवार को गुमला पहुंचे। गुमला पहुंचे पर संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों का भव्य रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सत्या दूबे, झारखंड विस्तारक श्री गोपाल भारद्वाज, छोटानागपुर प्रभारी अभिषेक भारद्वाज व नोएडा क्षेत्र झारखंड प्रभारी जितेंद्र जीतू मिश्रा शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### प्रशिक्षणार्थियों की हुई स्वास्थ्यर जांच



गढ़वा। रेहला स्थित एसबी पांडेय सनातन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों के हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर इत्यादि की जांच की गई। जिनमें हिमोग्लोबिन की कमी पाई गई उसे नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच टीम में अरविंद कुमार, संजय कुमार, रेणु देवी, नीलम कुमारी, प्रियंका कुमारी, रणधीर कुमार, अनिल कुमार शामिल थे। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक संजीव कुमार पांडेय, शशिकांत पांडेय, आनंद यादव, गरिमा यादव आदि मौजूद थे।

### आरकेवीएस बीएड कॉलेज में फ्रेशर पार्टी



गढ़वा। आरकेवीएस बीएड कॉलेज में मंगलवार को बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षणार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षणार्थियों ने नए प्रशिक्षणार्थियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी नए प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में नामधारी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ प्रवीण प्रभाकर के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं कॉलेज कर्मियों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर निदेषक श्री पांडेय ने कहा कि स्व. प्रभाकर एक नेक दिल इंसान थे। उनके निधन से हम सभी काफी मर्माहत हैं। उनकी कमी हमेशा खलेगी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ चन्द्रदीप पांडेय, एसकेएल दास, दीपक चैबे, राजेंद्र चैबे, रितेश कुमार, सतीश कुमार तिवारी, प्रवीण कुमार, आनंद मिश्रा, रोहित, रंजना कुमारी, विद्या, वैभव राम पांडेय, रवि रंजन पांडेय, करिश्मा, सोहेला, प्रिया सोनी, विवेक द्विवेदी, गौतम, चंदा कुमारी, चांदनी कुमारी, दीपक कुमार, रिचा कुमारी, राजन रजक आदि मौजूद थे।

### ह्रदय रोग विशेषज्ञ 22 को देंगे परामर्श



गढ़वा। पटना के सुप्रसिद्ध ह्रदय, मधुमेह, नस एवं लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ पीके वर्मा सदर हॉस्पिटल के सामने स्थित चैधरी जेनरल हॉस्पिटल गढ़वा में 22 जनवरी को परामर्श देंगे। कुछ निजी कारणों से पिछले तीन महीनों से सेवा नहीं दे पा रहे थे। अब महीने में दो बार नियमित रूप से सेवा देंगे। इसका लाभ स्थानीय लोगों को निश्चित रूप से मिलेगा। उच्चरक्तचाप अर्थात हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह अर्थात हाई ब्लड शुगर, पुराना सिर दर्द अर्थात माइग्रेन, नस एवं लकवा रोग के लिए डॉ पीके वर्मा काफी अनुभवी एवं योग्य चिकित्सक हैं। पटना के कई हॉस्पिटल में अपना योगदान दे चुके हैं और छोटे शहरों में भी सेवा देने की इच्छा रखते हैं। अगर आपके पास लगातार सिर में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द, नाक से खून आना, थकान महसूस होना, नींद ना आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन अनियमित गति से चलना, वजन में कमी आना, अधिक भूख व मूत्र लगना, बार-बार संक्रमण होना या देर से घाव भरना, हाथ पैरों में झुनझुनाहट, सूनापन या जलन रहना, सिर के एक हिस्से में फड़कता हुआ दर्द होना बड़ी बीमारी का संकेत हो सकता है। ह्रदय रोग एवं मधुमेह रोग से जुड़े जो भी मरीज हैं, उन्हें भी नियमित रूप से जांच कराकर दवा लेनी चाहिए। परामर्श के लिए 9955441987, 9262970560 पर संपर्क कर सकते हैं। दूरभाष के माध्यम से भी अग्रिम रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### बैंक ऑफ इंडिया का लोन मेला कल

जयनगर। प्रखंड अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया परसाबाद में गुरुवार को लोन मेला का आयोजन होगा। उक्त जानकारी शाखा प्रबंधक शंभू कुमार दास ने दी है। वहीं उन्होंने बताया कि आगामी 19 जनवरी को बैंक ऑफ इंडिया परसाबाद में एरिया मैनेजर विमल कांत झा के नेतृत्व में लोन मेला का आयोजन किया जाएगा। लोन मेला में क्षेत्रीय कार्यालय से एरिया मैनेजर विमल कांत झा उपस्थित रहेंगे।

### बीएड शिक्षक ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

कोडरमा। झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय बीएड शिक्षक संघ के जेजे. कॉलेज झुमरीतिलैया के सभी सहायक प्राध्यापक ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को सेवा स्थायीकरण व पूर्ण वेतनमान देने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। बीएड विभाग के सभी शिक्षक डॉ. शमशाद आलम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिलकर आग्रह किया कि यहां 17 वर्षो से बीएड कोर्स संचालित है, जिससे हजारों की संख्या में छात्रों ने शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर सरकारी नौकरी प्राप्त कर खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं, वहीं वर्षो से अनुबंध पर कार्यरत बीएड शिक्षकों की सेवा अभी तक स्थायी नही किए जाने से आर्थिक बदहाली में रहते हुए भी अपने कार्यों में निरंतर लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण की योजना में पूरे राज्य के सरकारी महाविद्यालयों में संचालित बीएड शिक्षकों को शामिल किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. शमशाद आलम, जॉन एलिस मिंज, डॉ. अशोक अभिषेक, डॉ. रिमझिम रुखियार, डॉ. दीपक कुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

### ग्रिजली विद्यालय के छात्र पवन का झारखंड ब्लाइंड क्रिकेट टीम में चयन

कोडरमा। तिलैया डैम के ग्रिजली विद्यालय के छात्र पवन कुमार का चयन झारखंड ब्लाइंड क्रिकेट टीम में हुआ है। जमशेदपुर के ट्रैवलर कल्चर सेंटर में आयोजित चयन प्रक्रिया में ग्रिजली विद्यालय के योगा शिक्षक उमेश कुमार विश्वकर्मा के साथ पवन कुमार शामिल हुए, जहां वर्तमान में भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम के उपकप्तान सुजीत मुंडा तथा झारखण्ड ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी शुभम कुमार तथा अन्य पदाधिकारी चयन प्रक्रिया में उपस्तिथ थे। उनकी मौजूदगी में पवन कुमार का चयन झारखण्ड की टीम में किया गया है। प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, पोट्‌र्स कोऑर्डिनेटर अमित दास के साथ-साथ शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों ने पवन को शुभकामनाएं देते हुए उसके आने वाले समय में झारखण्ड ब्लाइंड क्रिकेट टीम में शानदार प्रदर्शन करें।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे कोडरमा, कहा

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए चल रही कई योजनाएं

**मुख्यमंत्री ने डीईजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर कैंप और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का लिया जायजा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची/कोडरमा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोडरमा जिला में अभ्रक व्यवसाय को पुनर्जीवित किया जायेगा। इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। श्री सोरेन मंगलवार को जिला भ्रमण के तहत कोडरमा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभ्रक व्यवसाय से जुड़े श्रमिकों को रोजगार मिलने के साथ जीवन स्तर भी बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कार्य कर रही है। एक ओर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए योजना बना रही तो महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आकर आपको सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है। आपके आस पास जब सरकार का शिविर लगे तो आप उन शिविरों में जाकर अपने हित के योजनाओं से जुड़ने का काम करें।

सीएम ने कोडरमा के बागीटांड स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे डीईजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर के कैम्प में कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से उनके प्रशिक्षण के बारे में भी जाना। जिला प्रशासन द्वारा कोडरमा के सभी ब्लॉक में कुल 9 सेंटर चलाए जा रहें है। जिसमें जिले के अबतक कुल 10658 बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। अभी प्रत्येक सेंटर में 300 से अधिक विद्यार्थी कंप्यूटर का शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। उन्होंने परियोजना बालिका उच्च विद्यालयए कोडरमा के पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बच्चियों के साथ संवाद किया। उन्होंने बच्चियों से कहा कि आप पढ़ाई करें। आपके पढ़ाई के लिए सरकार सारी व्यवस्था करेगी। आपको मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ आदि जिस क्षेत्र में करियर बनाना हो, सरकार खर्चा वाहन करेगी। इसके साथ यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी इत्यादि की कोचिंग के लिए भी सरकार आपको आर्थिक मदद करेगी। इस मौके पर उन्होंने बच्चियों से पठन-पाठन से संबंधित जानकारी ली। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में पुस्तकालय, कार्यशाला, सिक रूम, कंप्यूटर लैब, हर्ष जोहार कक्ष, स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। इस विद्यालय में किचेन गार्डेन एवम गार्डेनिंग भी कराई जाती है।

मुख्यमंत्री का जेएसएमडीसी द्वारा ढिबरा डंप को पुनर्जीवित कर मजदूरों को पुनः रोजगार से जोड़ने के लिये स्थानीय महिला मजदूरों ने अभिवादन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने महिला मजदूरों से बातचीत की।

**पहले की सरकार ने हाथी उड़ाने के नाम पर पांच सालों तक राज किया: भोक्ता**

श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कहा भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पहले की सरकार डोभा बनाने व हाथी उड़ाने के नाम पर सिर्फ राज किया, राज्य के गरीब जनता के लिए कुछ नही किया।

हमारी सरकार ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महज तीन वर्षों में राज्य की जनता के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल में उतारने का काम किया। वहीं उन्होने कहा कि जिनके पास कोई अधिकारी पहले जाना नही चाहते थे, आज वैसे दबे, कुचले व गरीबों के बीच अधिकारी पहुंच रहे है, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बुनियादी समस्याओं का समाधन कर उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

**हेमंत सरकार की उपलब्धि देख, भाजपा के पेट में दर्द होता है: अकेला**

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि गठबंधन के सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन गरीब का बेटा है और गरीबों के दर्द को समझते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है, गरीबों के बेटियां उच्च शिक्षा ग्रहण करे, इसके लिए अलग से व्यवस्था किया गया है, बिना भेदभाव किये विधवा व वृद्धा पेंशन से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है, इस सरकार में हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जा रहा है, यह देख कर भाजपा के पेट में दर्द होता है। मौके पर गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, जेएमएम जिलाध्यक्ष श्याम किशोर सिंह, गोपाल यादव, संजय पांडेय आदि ने भी सम्बोधित किया। मौके पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, खालिद खलील, वीरेंद्र पांडेय, संजय साजन, रविन्द्र शांडिल्य, अशोक कुमार, कामेश्वर महतो, बैजनाथ मेहता, पवन माइकल कुजूर, श्यामदेव यादव, रेखा विश्वकर्मा, घनश्याम सिंह, खलील अंसारी, गंगा यादव, मनोज रजक, दीपक विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन मौजूद थे।

**विधायक ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत, सौंपा मांग-पत्र**

कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव जेजे कॉलेज परिसर में बने हेलिपैड के समीप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया व मांगपत्र सौप कर, उचित कार्रवाई की मांग की। विधायक द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में जेजे कॉलेज परिसर में बन्द पड़े बहुउद्देश्यीय भवन को खोलने और उस भवन को छात्रहित में उपयोग करने, बन्द पड़े पत्थर व्यवसाय पर पुनर्विचार करने, ढिबरा, माइका उद्योग को पुनर्जीवित करने आदि की मांगे शामिल है। विधायक ने कहा कि कोडरमा का आर्थिक रीढ़ पत्थर व्यवसाय है, परन्तु खनन नही होने से इस व्यवसाय से जुड़े लोग पलायन करने को मजबूर हैं।

**महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का किया जोरदार स्वागत**

खतियानी जोहार यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोडरमा कार्यक्रम के बाद कोडरमा से गिरिडीह जाने के क्रम में शहीद चैक डोमचांच में महागठबंधन के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसमें कांग्रेस नेत्री लीलावती मेहता, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, प्रदीप सिंह, विकास सिन्हा, अजयकृष्ण, शैलेन्द्र सिंह, इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दिये। इसके बाद महेशपुर चैक पर डोमचांच नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता के आवास के समीप नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, झामुमो प्रखंड सचिव अशरफ अंसारी, लाटो मेहता, सुरेंद्र मेहता, घनश्याम मेहता ने पुष्पगुच्छ देकर उनका जोरदार स्वागत किया।

मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, डीआईजी उत्तरी छोटानागपुर नरेंद्र कुमार सिंह, डीसी आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मौजूद थे।

## पत्थर उद्योग संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



कोडरमा। उत्तरी छोटानागपुर पत्थर उद्योग संघ के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके खतियानी जोहार यात्रा में कोडरमा पहुंचने पर राज्य के खनन पट्टों का पूर्व की भांति 10 वर्षों के लिए नवीकरण तथा खनन नियमावली को लचीला बनाकर नए खनन पट्टों की स्वीकृति देने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उद्योग संघ के पंकज कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि वर्तमान सरकार के द्वारा अधिसूचना संख्या 467 दिनांक 28 सितम्बर 2020 के द्वारा 2 वर्षों के लिए खनन पट्टों को अवधि विस्तार किया गया था, परंतु सरकार के इस अधिसूचना के उपरांत विभिन्न विभागीय कार्यालयों से जैसे पर्यावरण सहमति, माइनिंग प्लान का अनुमोदन, प्रदूषण नियंत्रण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य कई विभागीय जरूरतों को पूरा करने में कई माह गुजर गए, जिसके कारण अधिकांश खनन पट्टों को 1 वर्ष या उससे भी कम समय का अवधि विस्तार हो पाया, जिससे खनन पट्टे धारियों को काफी नुकसान हुआ। खनन पट्टे के विकास तथा संचालन योग्य बनाने में खनन पट्टे धारियों ने विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से कर्ज लेकर खनन पट्टे का विकास किया है, जिसे आज पट्टे धारियों द्वारा विकसित खनन पट्टों को नीलामी की पद्धति से किसी अन्य व्यक्ति अथवा एजेंसी को देना खनन पट्टे धारियों के मूल अधिकार का उल्लंघन है। पट्टों के साथ-साथ तकनीकी एवं भौगोलिक व्यवस्थाएं भी किसी पट्टे के सफलतापूर्वक संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण अंग है, जैसे पूर्व से पर्यावरण सहमति प्राप्त होना, खनन स्थल से भंडारण स्थल तक ले जाने का मार्ग तथा अन्य कई महत्वपूर्ण तथ्य जो कि पूर्व के खनन व्यवसाई के द्वारा व्यवस्थित की गई है।

## बच्चे को ट्रक ने रौंदा, मौत



कोडरमा। मंगलवार को लोकाई स्थित सेंट क्लेयर्स स्कूल में एडमिशन कराने आए एक बच्चे की ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सेंट क्लेयर्स स्कूल में खरखार निवासी रोहित साहू अपने 3 वर्षीय पुत्र पृथ्वी का नामांकन कराने आए थे। नामांकन के बाद स्कूल परिसर से जैसे ही सड़क पर आए, एक ट्रक जेएच12सी/8543 ने बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया और वहीं उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई। बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, परंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर ट्रक को पकड़ लिया गया, मगर चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कोडरमा-गिरिडीह रोड को जाम कर दिया। इसी मार्ग से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोडरमा से गिरिडीह भी जाना है, इसलिए काफी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन ने सड़क जाम को समाप्त कराया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इन दिनों जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, कई जगह रम्बल स्ट्रीप भी लगाए गए हैं, परंतु सड़क हादसे रुक नहीं पा रहे हैं।

## राजस्व संग्रहण निर्धारित लक्ष्य को करें पूरा : डीसी



**अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ 19 से 25 जनवरी तक चलाया जाएगा अभियान**

चतरा। समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स द्वारा जिले में कोयले के अवैध उत्खनन, चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध नियमित रूप से कार्रवाई कि जा रही है की जानकारी खनन पदाधिकारी द्वारा दी गई। बैठक में उपायुक्त ने वाहनों में स्पीड कंट्रोल डिवाईस सड़क किनारे साईनेज बोर्ड वाहन चालक को सड़क सुरक्षा का नियमों का अक्षरशः अनुपालन हेतु प्रशिक्षण देने समेत दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश। वही 19 जनवरी से 25 जनवरी तक जिले भर में महा अभियान चला कर हो रहे अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की किसी भी परिस्थिति में अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण नहीं होना चाहिए। उपायुक्त ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 22-23 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई। अंचल की समीक्षा में मोटेशन, सकसेशन मोटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए अंचल में लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन, दक्षिणी वन प्रमण्डल पदाधिकारी एस. पी. सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, भू:अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी अंचल अधिकारी समेत परियोजनाओं के संबंधित उपस्थित थे।

डीसी ने सुनी समस्या : उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार में समस्याओं को लेकर मिलने आए जनता की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदन लेते हुए त्वरित गति से मामले का निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। समस्याओं में जमीन से संबंधित मामले,आवास, राशन कार्ड, स्वास्थ्य से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है।

## एक नजर में

### सांसद खेल प्रतियोगिता में गिद्धौर प्रखंड के 15 खिलाड़ी भाग लेंगे



गिद्धौर(चतरा)। चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार जिले के नेतरहाट में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल प्रतियोंगिता को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। 18 जनवरी से 20 जनवरी तक चलने वाले सांसद खेल स्पर्धा में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल के सभी आदरणीय नेतागण सम्मानित कार्यकर्ता गण के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह , अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी मनोज कुमार। पाल समेत सभी गिद्धौर प्रखंड के जनप्रतिनिधि गण प्रखंड के सभी सम्मानित पत्रकार गण सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधि, प्रतियोगिता के लिए चयनित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों व प्रधानाध्यापक समेत गणमान्य लोगों को आमंत्रण पत्र दिया गया। मण्डल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार राणा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार आदि के द्वारा उक्त सभी को आमंत्रण पत्र देकर चतरा लोकसभा एथलेटिक्स मीट नेतरहाट में शामिल होने का आग्रह किया गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र खुला

चतरा। जिले के गिद्धौर बाजार में मंगलवार को बैंक आफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका किया। मौके पर संचालक संतोष कुमार दांगी ने सीएसपी से होने वाले फायदे के बारे में आम लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि बैंक की तरह ही यह सीएसपी कार्य करता है। इसमें जमा पैसे पूरी तरह सुरक्षित हैं। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने संचालक संतोष कुमार दांगी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन, महादेव दांगी , सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी ,संतोष कुमार निराला ,धनश्याम दास समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



टंडवा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोएद पंचायत के मुखिया किशन राम ने नौडीहा एवं गोड़वाईर गांव के बृद्ध एवं असहयोग के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। आपको बता दूं कि नौडीहा एवं गोड़वाईर गांव के वैसे बृद्ध जो कपकपाती ठंड से बचने के लिए शरीर के कपड़ों की काफी अभाव था। जिसपर मुखिया ने मद्दे नजर रखते हुवे गरीब हीत एवं ठंढ़ से राहत के लिए कम्बल का वितरण किया। इस कार्य के लिए लाभुकों ने मिखिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पिकनिक स्पॉट समिति ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



टंडवा। प्रखण्ड अंतर्गत गाडीलौंग एवं सराढु के मुख्य पथ स्थित प्राकृतिक से भरा आकर्षक व सौंदर्य धोरधोरवा खावा पर्यटन स्थल की विकास को लेकर मंगलवार को धोरधोरवा खावा पर्यटन स्थल सह पिकनिक स्पॉट समिति ने चतरा उपायुक्त अबु इमरान को ज्ञापन सौंपा, जिसमें धोरधोरवा खावा पर्यटन स्थल की समुचित विकास एवं सैलानियों के लिए सुविधालैस स्थल बनाने की मांग किया है। आपको बता दूं कि बीते रविवार को समिति की गठन हुई थी और आज विकास कार्यों को धरातल में उतारने के लिए समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपना बखूबी दिखाने लागे। इस नेक कार्य से आप लिगों में खुशी।

### मानवाधिकार का हो रहा है हनन : गुप्ता



टंडवा। देश विकासशील से विकसित होने के पायदान पर है। अपने दम पर नहीं सहायतार्थ के दम पर दिन-रात विकसित हो रहा है। जिसमें मानवाधिकार का भी कमोवेश हनन हो रहा है, और गांव के गांव विस्थापन के कगार पर खड़ा है। जिसके लिये कोई नीति नहीं कोई नियति नहीं आज कोयला खनन, पावर प्लांट एवं किसी प्रकार का उधोग लगाने हेतु बोली लगाई जा रही है।और गांव के गांव का विस्थापन हो रहा है।मानो ऐसा लग रहा है कि दोनों हाथों से खा लो कल मिले ना मिले, मगर पहले अपने दम पर एक हाथ से खाते थे,और दूसरे हाथ से खिलाने के लिए अगली पीढ़ी के लिए रख देते थे। इसका अनेकों उदाहरण है राय, बचरा, चूड़ी के कोलियरियां जहां तीन चार पीढ़ियां बीत गयी,और आज भी जिंदा है। आज एक पीढ़ी के लिए खाने पीने की व्यवस्था से विस्थापन हो जाना एक ऐसी त्रासदी को जन्म देती है मानो विस्थापन जिंदा में घर छोड़ना, मर कर घर छोड़ने जैसा इस विपदा को करीब से देखने पर पता चलता है जैसे मृत शरीर को घर के व्यक्ति अग्नि देता है। उसी तरह अपने ही घर को अपने से उजाड़ना पड़ता है। जिसमें बचपन की यादें समाहित रहती है। चन्द्रगुप्त स्टेकहोल्डर सह मजदूर नेता श्याम सुंदर गुप्ता ने आगे कहा कि अफसर हो या राजनेता जिससे जितना हो सके एक सम्मानित मुआवजा का भुगतान करा कर उसके बने आशियाना से बेदखल करें जिससे मुआवजा राशि उसके आशियाना से भारी पड़े। जिसको विस्थापित बेटी बिदाई समझ कर पुन:अपनी नई जिंदगी की शुरूआत कर सके।

### गणतंत्र दिवस लेकर प्रखंड सचिवालय में बैठक

गिद्धौर। प्रखंड सचिवालय सभागार में गणतंत्र दिवस मनाने एवं झंडोत्तोलन करने को लेकर मंगलवार को बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया।बैठक में समय सारणी को लेकर चर्चा की गई।जिसमें प्रखंड कार्यालय में 9:00 बजे सिंगल विंडो में 9:20 बजे थाना परिसर में 9:30 बजे पंचायत सचिवालय गिद्धौर एवं सभी पंचायत सचिवालय में 9:30 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 9:45 बजे प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर10:00 बजे कस्तूरबा उच्च विद्यालय में 10:15 बजे समय निर्धारित की गई है। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल बीपीओ अजय कुमार सिन्हा जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार प्लस टू गंगा स्मारक प्रधानाध्यापक बृजेश सिंह कस्तूरबा विद्यालय वार्डन रेनू कुमारी पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा महेश मिस्त्री उज्जवल कुमार एवं अन्य विभाग के लोग उपस्थित थे।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने जहीर उद्दीन

मरकच्चो। प्रखंड अंतर्गत नावाडीह एक पंचायत के लोहड़ियो निवासी जहीर उद्दीन मिंया को कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी,विधायक डॉ. नीरा यादव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के निर्देश पर मरकच्चो प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जहीर उद्दीन को मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में लखन पासवान, बसंत साव, सुरेश दास, मो. सिराज, अशोक यादव, वासुदेव यादव, शैलेंद्र साव, पवन यादव, शंकर यादव, कृपा सागर साव, रहीम अंसारी समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं।

# विहिप और बजरंग दल ने डीसी को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

## हिंदू संगठनों, उनके कार्यकर्ताओं और हिंदू नेताओं पर हमले के विषय में कराया ध्यान आकृष्ट



ज्ञापन सौंपने जाते विहिप के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा मंगलवार को उपायुक्त के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ कुमार साहू ने कहा कि आज देश एक विकट परिस्थिति से जूझ रहा है जिसकी ओर हम आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। देश में जिहादी तत्व घृणा और आतंक का वातावरण निर्माण कर रहे हैं। कभी सर तन से जुदा गैंग सक्रिय होता है तो कभी लव जिहाद या जिहाद के अन्य प्रकारों से हिंदू समाज को आतंकित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है।

### 2 वर्षों में बजरंग दल के 9 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हिंदू संगठनों, उनके कार्यकताओं और हिंदू नेताओं पर हमले कर उनकी हत्या करने की कई घटनाएं सामने आई हैं। 8 जनवरी, 2023 को असम के करीमगंज जिले के लोविरपुरा में बजरंग दल के एक 16 वर्षीय कार्यकर्ता शंभू कैरी की एक जिहादी द्वारा चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। पिछले 2 वर्षों में ही बजरंग दल के 9 कार्यकताओं की हत्या हुई है, जो घटना अभी दिल्ली में हुई है वह भी चिंता पैदा करती है जिसमें दो हत्यारों ने एक हिंदू की निर्मम हत्या कर दी और कहा कि उसके निशाने पर कई हिंदू नेता भी हैं। आतंक फैलाने के लिए किए गए इन हमलों में दो नई रणनीतियां सामने आ रही हैं। हमलों के लिए नाबालिगों को आगे किया जा रहा है, कई घटनाओं में उन्होंने हत्या करने वाले गेंग को भी सुपारी दी है, जैसा कि दिल्ली के हत्याकांड से स्पष्ट हुआ है।

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की मांगें

आप केंद्र सरकार से घृणा फैलाने व झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर भड़काने वाले लोगो पर नियंत्रण करने के लिए एक कठोर कानून बनाएं, इन हमलों में सम्मिलित अवयस्कों को वयस्क के समान माना जाए जिससे अवयस्कों को मिलने वाला संरक्षण इन क्रूर हमलावरों और हत्यारों को न मिल सके, हिंसा के लिए प्रेरित करने वाले तत्व विभिन्न नामों से सामने आते रहते हैं। सिम्मी, पीएफआई, सिटीजन फोरम आदि के आदि केवल नाम है। प्रेरक तत्व जिहादी विचारधारा है जिस पर रोक लगाने के लिए एक आवश्यक कठोर कानून बनाना चाहिए। वहीं मौके पर नगर मंत्री सौरभ तिवारी व पियूष उपाध्याय, कुमार सागर, नागमणि कुमार, मिलन शुक्ला, राहुल राज, उज्जवल, धनुष, राहुल यादव, अभिषेक यादव, रितिक ठाकुर, हैप्पी कुमार, विकास कुमार, शुभम गुप्ता एवं दर्जनों बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्पीड न्यूज

## एसएफसी मोटिया मजदूर संघ ने रंगा भुइयां के परिजनों को दी 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद



आर्थिक सहायता प्रदान करते संघ के लोग।

**चंदवा।** एसएफसी के मोटिया मजदूर संघ के द्वारा सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले मोटिया मजदूर रंगा भुइयां के परिजनों को 10 हजार रुपये का आर्थिक सहायता प्रदान किया। मंगलवार को संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी एवं लातेहार जिला अध्यक्ष सिकंदर भैया मंगलवार को उनके परिजनों से मिलने उसके घर चंदवा पहुंचे। मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष संदीप राम सहित प्रखंड के लगभग 20 मजदूर की उपस्थिति में चंदवा स्थित मृतक रंगा भुइयां के आवास पर मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके पश्चात उनके पत्नी और मां के हाथों में एस.एफ.सी मोटीया मजदुर संघ के तरफ से 10000 नगद का सहायता दिया गया एवं साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने आश्वासन दिया कि जिला के ठेकेदार और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से भी उन्हें सहयोग दिलाया जाएगा। मौके पर विष्णु, मनदीप, रमेश, कुलेश्वर, राजेश, बजरंग, अजय, हरे राम, कैलाश, संजय, मनीष समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## ब्लास्टिंग के क्रम में कोयला का रोड़ा उड़ने से एक घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के चमातू में कोयला उत्खनन हेतु ब्लास्टिंग किये जाने के क्रम बीपीआर कंपनी में कार्यरत एक कर्मी घायल हो गया। घायल युवक विनोद साव 38वर्ष पिता भुनेश्वर साव ग्राम चमातू बालूमाथ का रहने वाला है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार विनोद साव मंगलवार को ब्लास्टिंग में गया हुआ था। जहां ब्लास्टिंग करने के क्रम में कोयला का रोड़ा उड़ने से उसे चोट लग गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया वहीं बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## ईंट लदे ट्रक ने लूना सवार को मारी टक्कर, स्थिति गंभीर

**चंदवा।** चंदवा माल्हन मैक्लुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पहाड़ के समीप तीखे मोड़ पर मंगलवार की दोपहर ईंट लदी एक ट्रक ने लूना पर सवार व्यक्ति को चपेट में लिया, जिससे लूना वाहन पर सवार चरका करमाली पिता महावीर मिस्त्री (राय) गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद काफी देर तक घायल व्यकि सड़क पर ही तड़पता रहा। सूचना के बाद मीडिया कर्मियों व चंदवा पुलिस के पहल पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा था।

## गांव के बच्चे नेतरहाट में दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

➲ सांसद खेल स्पर्धा नेतरहाट में हेरहंज के 15 बच्चे लेंगे भाग : रूपेंद्र जायसवाल

**हेरहंज।** सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स मीट 18 से 20 जनवरी तक नेतरहाट में संपन्न होगा। जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड के लगभग 600 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। इस सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स मीट में हेरहंज प्रखंड के 15 बच्चे खिलाड़ी के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। जिसमे आशीष कुमार भोगता, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, राहुल उरांव, पूजा कुमारी, रंजन उरांव, लबली कुमारी, फुल्केश सिंह, रौशन कुमार, चिंता कुमारी, मंटू गंझु, योगेंद्र उरांव, नेहा कुमारी, संदीप कुमार शामिल है। सभी बच्चे प्रखंड के उच्च विद्यालय हेरहंज उच्च विद्यालय केड्डू, उच्च विद्यालय चिरू, मध्य विद्यालय मेराल, उमवि कसमार, उमवि लावागडा, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चे इस आयोजित खेल स्पर्धा में भाग लेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि बच्चे नेतरहाट में पहुंचकर वहां के परिवेश से न केवल परिचित होंगे बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का भी अवसर मिलेगा।

## पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़



यज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**बेतला।** जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत केचकी पंचायत के कंचनपुर में सोमवार से प्रारंभ पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ के दूसरे मंगलवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जा रही है। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु सुबह से ही यज्ञ मंडप के परिक्रमा एवं पूजन करने के लिए काफी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में इस क्षेत्र में पूरे भक्तिमय माहौल हो चुका है। इस दौरान यज्ञ आचार्य पंडित रवि रंजन प्रभु के द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण के साथ यज्ञ करवा रहे हैं। इसके साथ ही पूजन आचार्य दीपक पांडे, नवीन पांडे, सोनू पांडे, रविंद्र पांडे, आशीष पांडे, के द्वारा मुख्य जजमान को पूरे विधिवत पूजा-अर्चना करवा रहे हैं। इसके साथ रात्रि में ओम प्रकाश शास्त्री, तेज बहादुर शास्त्री एवं यज्ञ आचार्य के द्वारा प्रवचन कर लोगों को धर्म एवं संस्कृति के बारे में जागरूक करने का काम कर रहे हैं। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष विकास चंद्र सिंह, सचिव सौदागर सिंह, कोषाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, ओंकार सिंह, समेत कई लोगों ने अपनी अहम योगदान निभा रहे हैं।

# राजद जिला कमेटी गठित, जिलाध्यक्ष बने रामप्रवेश

## जिले के प्रखंडों के लिए चुने गये प्रखंड अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कमेटी गठित किया गया। जिसमें एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव को बनाया गया। वही मोहम्मद नासिर अंसारी, कन्हाई पासवान एवं रंजीत यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी के साथ सुरेश राम को कोषाध्यक्ष एवं मोहर यादव, मुरली प्रसाद, बसंत गंझू, मोहम्मद नेसार अहमद को महासचिव बनाया गया और राजनारायण गिरी, मिट्ठु लोहरा, जगनारायण माली, बलराम यादव, बालेश्वर सिंह, विरेन्द्र यादव, अनिल विश्वकर्मा, दामोदर यादव व मो. सलाउदीन को सचिव बनाया गया। वहीं राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष के द्वारा सभी प्रखंडों के लिए कार्यकारिणी सदस्य का भी गठित किया गया। जिसमें बलि यादव, अमेरिका सिंह, मदन यादव, मोहम्मद अमजद कुरैशी, सुरेंद्र यादव, सुरेश प्रसाद समेत कई लोगो को बनाया गया। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के जिला के विभिन्न प्रकोष्ठों के लिए जिला अध्यक्ष का भी चयन किया गया। जिसमें शिक्षा प्रकोष्ठ के लिए कन्हाई यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अली हसन, आदिवासी प्रकोष्ठ विक्टर केरकेट्टा, हरिजन प्रकोष्ठ तुलसी राम, किसान प्रकोष्ठ जितेंद्र यादव, मजदूर प्रकोष्ठ मनोज यादव, सुशील यादव एवं संस्कृति प्रकोष्ठ नागेश्वर यादव को बनाया गया।

वहीं राष्ट्रीय जनता दल के जिला के प्रखंडों के लिए प्रखंड अध्यक्ष का भी चुनाव इस बैठक में किया गया। जिसमें लातेहार से मोहम्मद नेजाम अंसारी, चंदवा से अजीत कुमार सिन्हा, बालूमाथ से प्रीतलाल यादव, बारियातू से लवकुश कुमार, हेरहंज से विश्वनाथ उरांव, बरवाडीह से आदित्य यादव, गारू से मो. अलाउद्दीन मियां, मनिका से रामकेशव उरांव एवं लातेहार नगर पंचायत के लिए प्रवीण दास को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं लातेहार एवं मनिका विधान सभा के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी का भी चयन किया गया। जिसमें लातेहार विधानसभा प्रभारी के रूप में दीपक नाथ शाहदेव, व्यास यादव एवं सुरेश राम का चयन किया गया है। वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए अजय कुमार चंद्रवंशी, मनोहर यादव एवं गिरजानंद सिंह को बनाया गया। वही प्रखंड स्तरीय प्रभारी का भी चयन किया गया। जिसमें लातेहार प्रखंड से अनिल विश्वकर्मा एवं दामोदर यादव, चंदवा प्रखंड से कन्हाई पासवान एवं बसंत गंझु, बालूमाथ प्रखंड से मुरली प्रसाद, बारियातू प्रखंड से ज्योति सिंह एवं मोहम्मद सलाउद्दीन, हेरहंज प्रखंड से मनोज यादव को बनाया गया।



राजद जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव।

## लूटकांड मामले का आरोपी धराया, गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा थाना कांड संख्या 113/22 के अभियुक्त कोर्नलियुस गुड़िया पिता स्व. दाऊद गुड़िया को चिरो से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कोर्नलियुस गुड़िया को अग्रतर कार्रवाई के बाद मंगलवार को मंडल कारा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि 6 अक्टूबर 2022 गुरुवार की रात्रि एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के कठपुलिया के समीप एनएच से गुजरने वाले यात्रियों एवं राहगीरों के साथ हुए लूट कांड हुआ हुआ था। जिसका उद्भेदन पुलिस ने महज 24 घन्टे के अंदर सफलतापूर्वक कर दिया था व लूट कांड में संलिप्त 4 अपराधी मतीयस गुड़िया, राजेन्द्र गंझू, रौशन टोप्पो व संजय गुड़िया को पकड़ लिया गया था वहीं कोर्नलियुस गुड़िया फरार हो गया था, जिसकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी।

# मनिका प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी सेंटरों में बच्चों का पोषाहार बंद, सिर्फ दी जायेगी शिक्षा

➲ सेंटरों में गैस खत्म, राशन का आवंटन नहीं दिया गया है, सेविकाएं बच्चों को कैसे खिलाएं खाना : बाल मुकुल सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित एसबीआई रोड के लोहिया भवन में झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी केंद्र वर्कर्स कार्यकारी सदस्य बाल मुकुल सिन्हा के नेतृत्व में दिन मंगलवार को आंगनवाड़ी सेविका संघ के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आंगनवाड़ी सेविका संघ की अध्यक्ष सविता उरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र के 95 आंगनवाड़ी सेंटरों के सेविकाओं ने उपस्थित होकर निर्णय लिया कि कल दिन बुधवार से सभी आंगनवाड़ी सेंटरों में बच्चों को मिलने वाली पोषाहार बंद रहेगा सिर्फ बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। बैठक से संबंधित जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी केंद्र वर्कर्स कार्यकारी सदस्य बालमुकुंद सिन्हा ने बताया कि कई महीनों पूर्व से आंगनवाडी सेविकाओं का मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है,और सेंटरों में राशन का आवंटन नहीं दिया जा रहा है,साथ ही खाना बनाने के लिए गैस भी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। जिस कारण वश आज के बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आंगनवाड़ी सेंटरों में कल से बच्चों को मिलने वाली पोषाहार बंद रहेगा। आंगनवाड़ी सेविकाएं अपने घर से राशन लाकर बच्चों को खाना नहीं खिला सकती है। कल से आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को सिर्फ शिक्षा दी जाएगी। मौके पर आंगनवाड़ी सेविका संघ के अध्यक्ष सविता उरांव,सचिव सुमित्रा देवी एवं आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन सचिव कौशल्या देवी ने बताया कि हम लोगों के द्वारा पूर्व में ही 20 सूत्री अध्यक्ष,जिप सदस्य व बीडीओ को आवेदन देकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया गया था कि सभी आंगनवाड़ी सेंटरों में राशन का आवंटन नहीं मिल रहा है,गैस खत्म है,और हम लोगों की मानदेय का भुगतान कई महीनों पूर्व से नहीं हो पाई है। लेकिन इसके बावजूद भी आज तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। जिला प्रशासन व सरकार इस पर जब तक कोई पहल नहीं करती है तब तक सभी सेंटरों में बच्चों का खिचड़ी एवं पोषाहार बंद रहेगा। सिर्फ बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। मौके पर 95 आंगनवाड़ी सेंटरों के सेविकाएं उपस्थित थे।



# डीसी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण।

➲ जिले के विभिन्न स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने हादसे की पुनरावृत्ति को रोकने को दिये दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव के अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों में हुये सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उपायुक्त लातेहार ने दुर्घटना की पुनरावृति को रोकने हेतु आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित स्थानों में मोड़ होने, धीरे चलने इत्यादि से सम्बंधित साईनेज लगवाएं। दुर्घटना संभावित क्षेत्र के इर्दगिर्द यदि झाड़ी हो तो उसे कटवाना सुनिश्चित करें। नियमित वाहन जाँच कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर कारवाई करें। बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन तथा बिना सीट बेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार कारवाई करें। ब्रेथ एलाईजर से जाँच कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कारवाई करें। उपायुक्त लातेहार ने उत्पाद अधीक्षक को सड़क के किनारे ढाबा, होटल इत्यादि में अवैध शराब की बिक्री के रोकथाम हेतु नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने बनारी से नेतरहाट जाने के मार्ग में गार्डवाल के निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण प्रमंडल गुमला से पत्राचार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने लातेहार, चंदवा, बरवाडीह, मनिका एवं बालूमाथ में बेसिक ट्रॉमा सेंटर के निर्माण हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने जिला परिवहन पदाधिकारी को हिट एंड रन से संबंधित मामलों में मुआवजा हेतु प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस तिवारी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण प्रमंडल लातेहार, उत्पाद अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लातेहार जिले में होगा मिनी सर्वे : जिप उपाध्यक्ष



जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी।

बालूमाथ। लातेहार जिले में जमीन का मिनी सर्वे होगा। इसमें लातेहार में हुए जमीन के हाल के सर्वे से संबंधित त्रुटियों का निराकरण किया जायेगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी के द्वारा जिला परिषद बैठक में उठाए गए मामले के बाद अपर समाहर्ता द्वारा इस संबध में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। जिले में कई दफा ये मामला सामने आया है कि यहां सर्वे में कई त्रुटि हुई है। जिसे सुधारने की जरूरत है। त्रुटियों की वजह से जमीन विवाद बढ़ गया है। उपाध्यक्ष अनिता देवी के द्वारा जिला परिषद की बैठकों में यह मामला जोर शोर से उठाया गया था। जिसके अनुपालन में अपर समाहर्ता लातेहार के द्वारा बताया गया कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अधिसूचना संख्या 438/ 31-10-2019 के द्वारा लातेहार में पुनः भू सर्वेक्षण का काम करने हेतु आदेश मिला है। जिसे राजस्व विभाग एवं बंदोबस्त कार्यालय के द्वारा किया जाना है। जिले में पुनः भू सर्वेक्षण से जमीन संबंधी विवाद एवं हाल सर्वे संबंधित त्रुटियों का निराकरण हो सकेगा। अनिता देवी ने कहा कि उन्होंने उपायुक्त से भी जल्दी संशोधित सर्वे का काम शुरू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उपाध्यक्ष के द्वारा यह बताया गया कि जरूरत पड़ने पर पुनः भू सर्वेक्षण का कार्य को जल्दी शुरू करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर प्रधान सचिव भू-राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से भी बात की जाएगी।

# लातेहार में कक्षा छह में नामांकन को लेकर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यपकों दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण लेते प्रधानाध्यपक।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य बिद्यालय परिसर में जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में कक्षा 06 में नामांकन कैसे करे को लेकर प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयो के प्रधानाध्यपको को मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने आए जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार से बेदिया ने बताया कि बिद्यालय के कक्षा 06 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है। ऑनलाइन आवेदन नवोदय विद्यालय के बेबसाइट के पोर्टल में जाकर निःशुल्क भरा जा सकता है। आवेदन के लिए लातेहार जिला के किसी भी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, अन्य मान्यता प्राप्त तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान से योग्यता प्रमाण पत्र ब सहित पूर्ण शैक्षणिक सत्र 2022-23 के दौरान कक्षा पांच में अध्यनरत होना चाहिए। प्रवेश चाहने वाले अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2011 से पहले तथा तीस अप्रैल 2013 के बाद का नही होना चाहिए। अभ्यर्थी लातेहार जिला का मूल निवासी होना चाहिए। साथ ही परीक्षा की तिथि 29 अप्रैल की तिथि निर्धारित है। आवेदन भरने के समय ध्यान पूर्वक फॉर्म को पढ़कर भरे। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी सरकारी बिद्यालय के प्रधानाध्यपक शामिल थे। इधर ऑउट ऑफ स्कूल व ड्राप आउट बच्चों को घर घर सर्वे को लेकर भी एमआईएस प्रखंड समन्वयक नीतीश कुमार द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सर्वे पंजी का भी वितरण भी किया गया।

# मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधान संघ की बैठक हुई संपन्न

## ग्राम सभाओं के सशक्तिकरण से ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा : बलराम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में दिन मंगलवार को ग्राम प्रधान संघ का बैठक संपन्न हुआ। जहां पर देश के पांचवीं अनुसुचित क्षेत्रों के लिए पेसा अधिनियम 24 दिसम्बर 1996 में संसद से पारित हुआ। आज 10 राज्यों में से 7 राज्यों ने पेसा नियमावली पारित किये हैं। दुर्भाग्य की बात हैं कि 26 सालों बाद भी झारखण्ड ने पेसा नियमावली अधिसूचित नहीं की है। जिसकी वजह से ग्राम सभाएं कमजोर हुई हैं। इससे गाँव में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों का बेतहासा दोहन हो रहा है और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार भी चरम पर है। ग्राम सभाओं के मजबूत होने से ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उक्त बातें सुप्रीम कोर्ट के पूर्व राज्य सलाहकार सदस्य बलराम जी ने कही। वे आज मनिका प्रखण्ड सभागार में सभी ग्राम प्रधानों को उनके संविधानिक दायित्व और जिम्मेवारी सम्बन्धी कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला की शुरूआत उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनिका एवं प्रशिक्षकगण मिलकर संविधान की प्रस्तावना पढ़कर किये। उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बदलते समय में सभी ग्राम प्रधानों और आम लोगों को भी नियम कानूनों की बुनियादी जानकारी होनी चाहिए तभी ग्राम सभा और सरकारी मशीनरी मिलकर लोगों की बेहत्तरी के लिए ठोस कार्य किये जा सकेंगे। वहीं सामाजिक कार्यकर्त्ता जेम्स हेरेंज ने कहा कि विगत वर्ष राज्य पंचायत राज विभाग पेसा नियमावली अधिसूचित करने हेतू काफी गंभीर हुई है। इसके लिए राज्यभर के सामाजिक संगठन और बुद्धिजीविओं ने भी जमीनी संघर्षों के अनुभव के आधार पर प्रस्तावित पेसा नियमावली के प्रारूप पर कई महत्वपूर्ण सुझाव के साथ विभाग में दस्तावेज सुपुर्द किये हैं। सरकार को चाहिए कि आगामी बजट सत्र में इसे विधान सभा से पारित करे। ग्राम प्रधानों ने दृढ़तापूर्वक दुहराया कि वे हर हाल में फर्जी ग्राम सभा जैसे मामलों पर पूरी तरह अंकुश लगायेंगे। कानूनी प्रावधानों के अनुसार उपयोगिता एवं शिशु जन्म प्रमाण पत्र जारी करेंगे। प्रत्येक गाँव में आवश्यक दस्तावेजों के रख रखाव हेतु पंचायत सचिवालय का निर्माण करेंगे। सरकार को भी इस दिशा में जरुरी कदम उठाने चाहिए। जरुरत पड़ेगी तो पेसा नियमावली को अधिसूचित कराने के लिए राज्यब्यापी जन दबाव कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम में प्रखंड के 76 ग्राम प्रधानों ने भाग लिया, जिनमें ग्राम प्रधान के अध्यक्ष अरुण सिंह, सचिव राजेश्वर सिंह, गोपाल उराँव, सेठा यादव, दिनेश सिंह, राजाराम सिंह, जमुना सिंह, चिंता देवी, सुकुल उराँव, नागेन्द्र उराँव, भरत साव, कयूम अंसारी सहित नरेगा सहायता केंद्र के पचाठी सिंह, प्रेमा तिग्गा, दिलीप रजक, जीतेन्द्र सिंह, सुभाषचन्द्र बोस, लालबिहारी सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान संघ के लोग।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य मार्ग पर बसिया डैम के पास हुई दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। घायलों में बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया ग्राम अंतर्गत पाहन टोला निवासी धनराज गंझु पिता चरित्र गंझु, भगिया ग्राम के बरवाटोला निवासीसंदीप गंझु 25 वर्ष पिता अशोक गंझु तथा बसिया ग्राम निवासी कयूम अंसारी का पुत्र कैलू अंसारी 28 वर्ष शामिल है। तीनो दोस्त अपने एक ही बाइक में बैठकर अपने घर जा रहे थे इसी दौरान बसिया डैम के पास वाहन के चकमे से गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से तीनो घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इस दुर्घटना में तीनों घायल युवकों को हाथ पैर और शरीर के कई जगहों पर चोट लगी है।

स्पीड न्यूज

## डीएमएफटी फंड से मानपुर में योजनाओं का शिलान्यास

**बेरमो/उपरघाट।** नावाडीह प्रखंड के उपरघाट पेंक पंचायत के बिरमुंडू एंव मानपुर में डी एम एफ टी फंड से दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह में जिला परिषद प्रतिनिधि टिकैत कुमार महतो मुखिया सुखमती देवी पंसस नवीन सोरेन वार्ड सदस्य सुनीता देवी समाजसेवी गुलाब हांसदा रामेश्वर मुर्मू कपिल तुरी महेंद्र महतो दरबारी मांझी अनिल हांसदा शामिल थे।

## डीएवी में साइबर सुरक्षा को लेकर कार्यशाला संपन्न

**बोकारो।** बोकारो के स्थानीय डीएवी स्कूल में सीसो लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डीएवी सेक्टर. 6ए अयप्पा स्कूलए डीएवी कथाराए मिथिला एकेडमीए कस्तूरबा विद्यालय ढोरीए एवं बोकारो इस्पात विद्यालय से लगभग 4 विद्यालयों ने इस वेबनार में अपनी सहभागिता और सक्रियता दिखाई। विषय विशेषज्ञ ;साइबर सिक्योरिटीद्ध कौशल कुमार चौधरी एवं आलोक झा ने लोगों को विषय पर विस्तार से सभी का मार्ग निर्देशन किया। विद्यालय के प्राचार्य एके झा ने कहा कि हब ऑफ लर्निंग डीएवी सेक्टर 4 हमेशा इस तरह के आयोजनों में अपनी दक्षता तथा हिस्सेदारी बखूबी निभाता रहेगा।

## शिक्षिका पुत्र के निधन पर विद्यालय में शोक

**बेरमो/बेरमो।** अनुमंडल के संडेबाजार स्थित सीसीएल एडेड स्कूल शिशु विकास विद्यालय की शिक्षिका उमा बर्मन के पुत्र 24 वर्षीय सौरव मंडल के दुर्घटना में हुई आकस्मिक निधन पर मंगलवार को विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में सौरव के दिवंगत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में विद्यालय के संरक्षक गिरिजा शंकर पांडेय, अध्यक्ष अफजल अनीस, सचिव सुबोध सिंह पवार, प्राचार्य राम अयोध्या सिंह, वरीय शिक्षक मो असलम, नयन कुमार बनर्जी, शतीश्वर गोप, शैयद सरफराज हुसैन, रूपेश केशरी, संजीव कुमार, वरीय शिक्षिका शशि बाला शर्मा, रम्भा सिंह, ममता सिन्हा, कमलमती गुप्ता, पूजा कुमारी, निलम देवी, ललिता देवी, गुरुवारी देवी, गौरी देवी सहित कई लोग तथा छात्राएं शामिल हुए।

## सेवाती मेला समिति के सदस्यों ने पकड़ी नकली शराब

**बोकारो/कसमार।** सेवाती मेला कमेटी के सदस्यों ने नकली दारू पश्चिम बंगाल से लाने के क्रम में रंगेहाथ पकड़ा। सेवाती मेला समिति के सदस्य देर रात तक मेला की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने बंगाल की तरफ से आते हुए व्यक्ति को देखकर रोका और मेला कमेटी के सदस्यों ने पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने पिड़गुल निवासी घलटू साव, पिता दशरथ साव ग्राम पोस्ट पिरगुल, थाना कसमार निवासी होने की बात कही। मेला कमिटी सदस्यों का कहना हैं कि नकली दारू से क्षेत्र के युवा बर्बाद हो रहे हैं। मौके पर सेवांती मेला कमिटी अध्यक्ष सरोज कुमार, सचिव प्रशांत कुमार ए विनय कुमार, जयवीर कुमार, जितेंद्र कुमार, चूरन महतो ए गोविंद सिंह मुंडा, अमन कुमार, योगेंद्र कुमार, राकेश कुमार, शेखर कुमार, टिकेश्वर कुमार, सुभाष कुमार, जावहर लाल, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## नगर भ्रमण के साथ राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित

**झरिया।** झरिया धनबाद बस्ताकोला गौशाला मैं प्राण प्रतिष्ठा के पहले राधा कृष्ण प्रतिमा का नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के बाद गौशाला पहुंचकर पूजा अर्चना की गई। ट्रैक्टर को फूलों से सजाया गया। राधा कृष्ण की जय एवं गौ माता की जय का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया। ट्रैक्टर के आगे बैंड पार्टी चल रही थी। मौके पर कमेटी के मुरलीधर पोद्दार द्वारका प्रसाद गोयनका शारदानंद सिंह, कैलाश चौधरी सत्यनारायण भोजगढ़िया, अनिल खरकिया, निशांत गोयनका मौजूद थे।

# सीआईएसएफ की छापामारी में दो हाइवा अवैध कोयला जब्त



पांडेडीह 6 नंबर में पड़ा छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के अंतर्गत चलने वाले बीएस आउटसोर्सिंग के पास पांडेडीह 6 नंबर में मंगलवार को सीआईएसएफ की टीम के इंस्पेक्टर महावीर सिंह के नेतृत्व में अपने दल बल के साथ अवैध कोयला भंडारण स्थल पर छापेमारी किया। एवं बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा अवैध मुहानो को भरने के नाम पर खानापूर्ति की गई। मौके पर मौजूद बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के एरिया मैनेजर प्रेम शर्मा द्वारा इस मामले को लेकर कुछ भी पर कहने से इनकार कर दिया गया। छापामारी के दौरान सीआईएसएफ ने दो हाईवा अवैध कोयला जब्त कर बीसीसीएल को सुपुर्द किया। मौके से एक अवैध कोयला लदा टेंपो जिसका नंबर जेएच 10बीएक्स 0621 को भी जप्त कर तेतुलमारी थाना को सौंपा गया। अवैध कोयला लदा जप्त टेंपो अजय चौहान के नाम से रजिस्टर्ड है। बताते चलें कि तेतुलमारी थाना क्षेत्र के पांडेडीह छ नंबर के पास से मनोज चौहान, संजय चौहान, अजय चौहान, आशीष चौहान काफी दिनों से कोयला की अवैध तस्करी कर टेंपो के माध्यम से अवैध डिपो मे खपा रहे हैं। रात का अंधेरा तो छोड़िए दिन के उजाले में सुबह से लेकर रात तक पांडेडीह 6 नंबर से दर्जनों टेंपो एवं ओमनी वाहन वेस्पा मोटरसाइकिल में कोयला लोड कर तेतुलमारी मुख्य मार्ग से थाना के समीप से गुजरते हुए राजगंज थाना से गुजरते हुए बरवाडा थाना क्षेत्र में चल रहे तिलैया के अवैध डिपो एवं बरवाडा के अवैध डिपो में पहुंचता है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर 10- 20 टन कोयला पकड़ कर पुलिस अपनी पीठ थपथपाती है। सीआईएसएफ की इस कार्रवाई से अवैध कोयला तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है ।जहां एक ओर अवैध कोयला बेचकर तस्कर मालामाल हो रहे हैं वहीं प्रत्येक माह बीसीसीएल को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। छापामारी में बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के सीआईएसएफ इंस्पेक्टर महावीर सिंह सीआईएसएफ क्राइम से एमएस चौधरी बीसीसीएल के एरिया मैनेजर प्रेम शर्मा तेतुलमारी थाना के अभिराम सिंह अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

## होर्डिंग, बैनर व पोस्टर को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में बिना विभाग के अनुमती लिए लगाए गए होर्डिंग, बैनर व पोस्टर को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। इसकी जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि नगर परिषद के समीप अंबेदकर चौक,चिरकुंडा-पंचेत रोड,शहीद चौक,बराकर सड़क पुल के समीप व जीटी रोड किनारे अनाधिकृत रूप से लगाए गए 150 होर्डिंग,बैनर व पोस्टर हटाए गए ।उन्होने क्षेत्र के दुकानदारों से अपील किया है कि एक सप्ताह के अंदर नगर परिषद कार्यालय को पत्र देते हुए पोस्टर व बैनर लगाने की स्विकृति ले लें अन्यथा विभाग द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि बिना अनुमति अनाधिकृत रूप से होर्डिंग,बैनर व पोस्टर लगाए जाने से नप को नुकसान उठाना पड़ रहा है नप को हो रहे राजस्व नुकसान को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अभियान का नेतृत्व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन,सबा परवीन,चिनमय बनर्जी,अमर दास आदि मौजूद थे।

## विजेताओं को हेलमेट देकर किया पुरस्कृत

**बोकारो।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह में डीपीएस बोकारो में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिवहन विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा ट्रैफिक नियमों पर आधारित प्रश्नों का सर्वाधिक सही उत्तर के आधार पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक गोविंद कुमार सिंह, सड़क अभियंत्रण विश्लेषक विशाल पाठक एवं सड़क सुरक्षा इकाई के आईटी सहायक संतोष कुमार चौबे ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप हेलमेट प्रदान किया। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर शत्रुघ्न प्रसाद तथा दूसरे स्थान पर आठ प्रतिभागी . अमित कुमार सिंह, श्वेता सिंह, नीतीशा मुखर्जी, पवित्रो बनर्जी, रिंकी कुमारी, अरुण कुमार सोम, नीरज कुमार और रामकुमार राय रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने रोड सेफ्टी को महत्वपूर्ण और इसके प्रति जन-जागरूकता को अत्यावश्यक बताया।

## धनबाद:वाहन चालक यातायात नियमों का करें पालन: डीडीसी

रन फॉर सेफ्टी के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह संपन्न

**धनबाद।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक होते हुए पुनः सिटी सेंटर तक रन फॉर सेफ्टी का आयोजन कर सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। इस मौके पर डीडीसी ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो जाती है। इसलिए वाहन चलाते समय लोगों को हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डन आवर में बचाने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय अपनी और राहगीरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करने की अपील की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश सिंह मौजूद थे।

## रागिनी सिंह ने सीएम से परिणय सूत्र में बंधे 80 जोड़ों को रोजगार देने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सर्वधर्म सामूहिक विवाह में बंधे जोड़ों को रोजगार एवं सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सामूहिक विवाह के तहत नव दांपत्य जोड़ो की सुखमय जीवन को लेकर दिनांक 15 जनवरी को धनबाद जिले के गोल्फ ग्राउंड मैदान में आयोजित सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 80 जोड़ों के लिए विशेष प्रावधान के तहत रोजगार देने की मांग की। सर्वधर्म सामूहिक विवाह के आयोजन से कइयों की जिंदगी बढ़ाने का काम किया जिससे जिले के साथ साथ राज्य का भी नाम बढ़ा है। इसके लिए आयोजनकताओं एवं उनके सहयोगी जिला प्रशासन शहर के उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों के सहयोग से धनबाद ही नहीं पूरे झारखंड का मान सम्मान बढ़ाया ।उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि सामूहिक विवाह करने वाले इन जोड़ों को रोजगार देने की दिशा में पहल होनी चाहिए।

इसके साथ-साथ इन्हे रोजगार के लिए राज्य सरकार के अधिकृत बैंको को ऋण उपलब्ध कराई जाए ।तभी आने वाले समय में बिना दान दहेज के सामूहिक विवाह में सहमति से शामिल होंगे और जिले और राज्य का सम्मान बढ़ेगा। साथ ही सामूहिक विवाह में आयोजको द्वारा दिए गए विवाह प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षा में भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

## दर्जनों युवकों ने भाजपा का दामन थामा

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** मंगलवार को सिंह नगर भुइयांपट्टी के सैकड़ों युवाओं महिलाओं ने चंदन सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा में शामिल हुए जहा श्रीमती सिंह ने सभी को माला एवं पट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई वही सभी को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की इस दौरान श्रीमती सिंह ने सभी सम्मानित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वह हमेशा उन लोगों के साथ हर सुख दुख में खड़ी हैं और आगे भी खड़ी रहेंगी साथ ही उन्होंने बताया कि आप लोगों की जो भी परेशानियां हैं उसके लिए वह हमेशा मुखर होकर उनकी आवाज बनेगी और उनकी हर समस्याओं का निदान करने को प्रयासरत रहेंगी इस दौरान मंच का संचालन भाजपा नेता अभिषेक पाण्डेय ने किया।

मौके पर धनबाद महानगर जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव पिंकू चौबे शैलेंद्र सिंह अखिलेश सिंह रघु राम रंजीत रवानी स्वरूप भट्टाचार्य वही शामिल होने वाले लोगो में सूरज कुमार विजय कुमार श्याम कुमार सौरभ कुमार दिलीप भुईयां राजकुमार भुइयां अजय कुमार भुइयां गेडा भुइयां विकी कुमार रेखा देवी के अलावा सैकड़ों की संख्या में महिलाए एवं युवा साथी मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा



**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद जिला कांग्रेस भवन हाउसिंग कॉलोनी में धनबाद जिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम रवानी के तत्वधान मे कार्यकारिणी की बैठक हुई। एवं धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष राशिद अंसारी का स्वागत समारोह किया गया । कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाना है एवं ओबीसी संगठन को और ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना है। कार्यक्रम में धनबाद जिला ओबीसी कांग्रेस के उपाध्यक्ष फैज अहमद प्रीतम रवानी संजीव चौहान महामंत्री कुंदन यादव रंजीत कुशवाहा निवारण महतो राजमणि देवी रेखा साहब मुकेश कुमार साह हुलास रवानी श्यामल भंडारी संजय चौहान इनाम अंसारी नारद यादव विनय शर्मा अमर प्रसाद अशोक रवानी रमेश राय हितेश चंद्र पूजा देवी सुमित्रा देवी माया देवी हीरा नोनिया राजू महतो उपस्थित थे।

## सीपीआईएम ने मनाया ज्योति बसु का 14वां स्मरण दिवस



**सिन्दरी।** सीपीआईएम सिन्दरी शाखा की ओर से पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु के 14 वें स्मरण दिवस पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में ज्योति बसु के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विगत 23 साल तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहने के साथ वे लगभग 5 दशकों तक देश के राजनीतिक पटल पर छाए रहे। उनके व्यक्तित्व का करिश्मा था कि वैचारिक भिन्नता के बावजूद विपक्ष के सभी नेता उनका लोहा मानते थे। उन्होंने बंगाल के मुख्यमंत्री रहते हुए पंचायती राज और भूमि सुधार की दिशा में ऐतिहासिक काम किए। कार्यक्रम में सीपीआईएम सिन्दरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, सिन्दरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) सिन्दरी नगर कमेटी सचिव मिट्ठू दास, सविता देवी मौजूद थीं।

## खेल से तन-मन रहता है तंदरुस्त: हरेंद्र

जोगता में दिवा रात्रि वॉलीबॉल का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** जोगता थाना मैदान में एक दिवसीय दिवा रात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन झामुमो के बाघमारा प्रखंड उपाध्यश्य हरेंद्र चौहान ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में कुल 8 टीम ने भाग लिया,पहला रोमांचक मैच एम ओ सी पी झरिया और प्रीमियर ए सी मिलन क्लब सिजुआ के बीच उद्घाटन मैच संपन हुआ, मुख्य अतिथि हरेंद्र चौहान ने कहा खेल से तन मन तंदरुस्त रहता है,निरोग रहने के लिए खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। मौके पर अनुज सिन्हा उर्फ पलटू ,पप्पू सहाय, आयोजन समिति के शहिद खान, मो आजाद, शुभम् गुप्ता,विशाल सिन्हा, अख्तर अंसारी,राहुल यादव, दीपक महतो,रजत गुप्ता, शशि रवानी, डब्लू रवानी,रिजवान अहमद, पीयूष सहाय, हलिम अंसारी, राहुल चौहान,छोटू रवानी, शहजादा अंसारी,गुड्डू अंसारी मौजूद थे।

## आजसू किसान मोर्चा ने किया अलाव की व्यवस्था

**गोमो।** सीतलहरी ठंड के वजह से लगातार गिर रहे तापमान से ठंड चरम पर पहुंचते जा रही है ओर लोग ठिठुर रहे हैं ,वही सर्वजनिक स्थालो पर कहीं भी अंचल कार्यालय के द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है. जिससे लोग इस भीषण ठंड से राहत पा सके. पिछले कई दिनों की तुलना में तापमान में 3 से 4 डिग्री न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है.तोपचांची के गोमो रोड,सुभाष चौक,जीटी रोड,अस्पताल परिसर आदि क्षेत्रों के राहगीरों,यात्रियों तथा अस्पताल के मरीजों को ठंड के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.आजसू पार्टी किसान प्रकोष्ठ के जिला सचिव श्री सदानंद महतो की ओर से तोपचांची के कई जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई,वही महतो ने कहा कि धनबाद के तुलना में तोपचांची में ज्यादा ठंड है,प्रशासन जल्द अलाव का व्यवस्था करें,स्थानीय जनप्रतिनिधि अविलंब इस पर पहल करे।

## रात्रि में कंबल वितरण: ठंड से ठिठुरते लोगों को मिल रही राहत

उदय प्रताप सिंह का रात्रि में कंबल वितरण अभियान जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सोमवार देर रात्रि उदय प्रताप सिंह अपने शीतकालीन सहायता सेवा कताओं टीम के साथ शहर में कंबल वितरण अभियान के तहत का भ्रमण पर निकले और पुराना बाजार काली मंदिर के समीप संध्या से रात्रि तक साग-सब्जी बेच अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली निमियाघाट पोखरिया एवं दूर-दराज के गांवो से आने वाली महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया। इस बढ़ती ठंड में कंबल उन महिलाओं द्वारा एक पत्रकार को गुजारिश की गई थी कि इस ठंड में हमें अभी तक कोई कंबल कहीं से नहीं मिला और ना ही कोई अलाव की व्यवस्था है। इस ठंड में हम बहुत कष्ट में हैं ।इसकी सूचना पाकर उदय प्रताप सिंह पुराना बाजार पहुंचे और सभी सब्जी बेचने वाली ग्रामीण महिलाओं को कंबल वितरित किया कंबल पाकर महिलाओं ने उन्हें खूब आशीर्वाद दिया। तथा साथ ही रात्रि में उदय प्रताप की टीम ने रणधीर वर्मा चौक हनुमान मंदिर, हरि मंदिर रोड के समीप रिक्शावालो और ठेले वालों को भी कंबल वितरित किया। उदय प्रताप सिंह ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है। मनुष्य की तन मन हृदय से सेवा करने की जज्बा है मुझे जो मेरे माता-पिता का दिया संस्कार है कि जब भी ठंड आता है मैं चौक चौराहों में ढूंढ कर जरूरतमंदों को कंबल का वितरण करता हूं।

### कंबल बांटने से मिलती है आत्मसंतुष्टि

500 के करीब कंबल मैं हर वर्ष रात्रि में जरूरतमंदों को ठंड से कांपते ठिठुरते लोगों को ढूंढ कर बांटता हूं जिससे मुझे आत्म संतुष्टि मिलती है । यह कंबल वितरण अभियान पूरे ठंड तक चलेगा जिसे भी कंबल की जरूरत है उसे अवश्य मिलेगा मुझसे या मेरी टीम से किसी भी समय संपर्क कर कंबल की प्राप्ति किया जा सकता है। जो जरूरतमंद है, असहाय हैं, लाचार है उन्हें चिह्नित कर जिले के लगभग हर क्षेत्र में मेरी सेवाकर्ता दल कंबल वितरण कर रहे हैं ।रात्रि कंबल वितरण अभियान में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह,पंकज सिंह, हर्ष राज, अंकित सिंह, राहुल सिंह भूमिहार अमन राव, नरेश,अमन सिंह, प्रदीप सिंह, कृष्णा मोदी, अजय पांडे सेवारत है।

## पेज एक का शेष

### जो खतियानी है...

भाजपा में व्यापारियों की जमात है जो सिर्फ पैसों की भाषा जानते हैं। सीएम ने कहा, भाजपा को सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करना आता है। फूट डालो राज करो इनकी परंपरा रही है।

**बेरोजगारी खत्म करेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 1932 को खतियानी आधार माना है, ताकि स्थानीय युवाओं को भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो खतियानी है, वही झारखंडी है। झारखंड की अब अपनी पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ढिबरा पॉलिसी बनायी है, जिसका लाभ स्थानीय लोगों, जंगल में रहने वाले गरीब मजदूर तबके के लोगों को मिलेगा। पहले किसी ने इसपर नहीं सोचा पर यह सरकार झारखंड के युवाओं के लिए सोचती है, बेरोजगारी दूर करने के लिए सोचती है और जो कहती है, उसे पूरा करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू किया है, जिसका लाभ सभी सरकारी कर्मियों को मिलेगा। श्री सोरेन ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने 11 लाख लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाया जबकि हमारी सरकार ने 20 लाख लोगों का राशन कार्ड में नाम जोड़ा है

### आइआइएम हॉस्टल में ...

शिवम के रूम से रिस्पांस नहीं : डीएसपी ने कहा कि मैनेजमेंट के मुताबिक सोमवार की शाम कुछ छात्रों ने सिक्यूरिटी वालों को बताया था कि शिवम के रूम से कोई रिस्पांस नहीं आ रहा है। इसके बाद रात के वक्त सिक्यूरिटी के लोगों ने दूसरी तरफ से झांककर देखा तो शिवम का शव फंदे से झूलता नजर आया। इसी आपाधापी में कमरे का शीशा तोड़कर सिक्यूरिटी के लोग अंदर घुसे और भीतर से बंद गेट को खोला। इसके बाद शव को फंदे से उतार लिया गया। तत्काल डॉक्टर को भी बुलाया गया, लेकिन तबतक शिवम की मौत हो गयी थी। शिवम के हाथ बंधे होने के सवाल पर डीएसपी ने कहा कि इसकी पड़ताल की जा रही है।

शिवम का मोबाइल जब्त कर लिया गया है। कमरे को सील कर दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि शिवम नक आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है। डीएसपी के मुताबिक एक छात्रा ने बताया कि रविवार को डिनर के वक्त शिवम ने कहा था कि उसे अच्छा नहीं लग रहा है।

**परिजनों को साजिश की आशंका :** पिता अखिलेश्वर प्रसाद ने बताया कि एक दिन पूर्व उनकी शिवम से बात हुई थी उस दौरान यह कहीं से भी यह नहीं लगा था कि वह सुसाइड कर सकता है। मामले के पीछे जरूर कोई जाजिश है। बंधे हाथ भी साजिश की तरफ इशारा कर रहे हैं। मंगलवार को प्रबंधन द्वारा बताया गया कि शिवम ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। जब उस कमरे और शव का निरीक्षण किया गया तो तस्वीरें और शव की हालत काफी कुछ और बयां कर रहे थे। शिवम का शव एक हरे रंग की रस्सी के सहारे लटका हुआ था लेकिन उसके दोनों हाथ आगे की तरफ करके बंधे हुए थे। पुलिस के साथ साथ परिजनों के मन में यही सवाल बार बार कौंध रहा है कि आखिर आत्महत्या करने वाला शख्स अपने हाथ खुद से क्यों और कैसे बांधेगा। इन सवालों के बीच यह मामला और गहराता जा रहा है। पिता के अनुसार उन्हें सोमवार देर रात यह जानकारी दी गयी थी कि उनके बेटे की मौत हो गयी है। उन्होंने पूछा कि क्या उनके बेटे का कोई एक्सीडेंट हुआ है तो प्रबंधन ने बताया कि उसने सुसाइड कर लिया है। पिता के अनुसार उनका बेटा किसी भी तरह के अवसाद में नहीं था, वह एक होनहार छात्र था और उसे किसी भी चीज की कोई कमी नहीं थी ना पैसों की और ना ही अन्य चीजों की। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही वह आगे का निर्णय लेंगे।

**क्या है पूरा मामला :** बनारस के निवासी शिवम पांडे यहां पढ़ाई कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। रांची ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने भी बताया कि हॉस्टल के कमरा नंबर 505 की जांच करायी गयी। सीसीटीवी फुटेज में किसी तरह की संदिग्ध हरकत दर्ज नहीं हुई है। लेकिन उन्होंने भी शव के हाथ बंधे होने को लेकर आशंका जतायी।

### नड्डा की अगुवाई ...

बता दें कि 2019 में लोकसभा चुनाव में पार्टी ने प्रचंड बहुमत के साथ वापसी की थी, तब अमित शाह को केंद्र की राजनीति में लाया गया था। उस समय अमित शाह ने जेपी नड्डा को पार्टी अध्यक्ष की कमान सौंपी थी। नड्डा का मौजूदा कार्यकाल 20 जनवरी को पूरा हो रहा है।

**मोदी के संबोधन के साथ बैठक खत्म :** मंगलवार को दूसरे दिन पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पीएम मोदी के संबोधन के साथ ही खत्म हो गयी। मोदी ने कार्यकर्ताओं को नया टास्क दिया। इसमें कहा- हर दिन लोगों से मुलाकात करें। भारत के जीवन का सर्वोत्तम समय" आने वाला है। ऐसे समय में देश के विकास में योगदान देने के लिए सभी को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। अमृत काल" को कर्तव्य काल" में परवर्तित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दें, तभी देश को तेजी से आगे ले जाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अब केवल एक राजनीतिक आंदोलन नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन में रूपांतरित हो गया है। बैठक में सामाजिक-आर्थिक प्रस्ताव पेश किया गया। जिसमें पीएम मोदी के नेतृत्व की तारीफ की गयी। प्रस्ताव में कहा गया कि उनकी नीतियों की वजह से भारत दुनिया की पांच बड़ी इकोनॉमी में शामिल हो गया है।

### जेएसइबी के पूर्व...

जिसमें आरोप है कि सबसे ऊंची दर वाली कंपनी को निविदा दे दी गई। जबकि कम दर वाली कंपनी ने भी निविदा भरी थी। इस वजह से राज्य सरकार को उस दौरान 20.87 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति हुई।

### दाऊद को पाक ने...

जिसे अब कोर्ट में पेश कर दिया गया है। **करांची के डिफेंस एरिया में रहता है दाऊद :** एनआईए की चार्जशीट के अनुसार पाकिस्तान में छिपकर रह रहे दाऊद इब्राहिम ने अब अपना ठिकाना भी बदल लिया गया है। एनआईए चार्जशीट के मुताबिक फिलहाल अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊन इब्राहिम करांची के डिफेंस एरिया में अब्दुल्ला गाजी बाबा दरगाह के पीछे रहीम फाकी के पास रहता है। दाऊद इब्राहिम 1993 में मुंबई में हुए बम धमाकों के मामले का आरोपी है। इसके अलावा मुंबई सहित भारत के कई बड़े आपराधिक मामलों का दाऊद इब्राहिम मास्टमाइंड है। आरोप पत्र में कहा गया है कि भारत छोड़ने के बाद दाऊद छोटा शकील, अनीस इब्राहिम शेख, जावेद चिकना, टाइगर मेमन, इकबाल मिर्ची और हसीना पारकर के माध्यम से अपने गिरोह का संचालन कर रहा है। एनआईए ने इस मामले में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने डी-गैंग की मिलीभगत से नवाब मलिक के साथ 11.28 करोड़ रुपये की संपत्ति (गोआवाला कंपाउंड) हड़प ली।

स्पीड न्यूज

## वैश्विक आतंकवाद दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती : ओम बिरला



**नैरोबी।** पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या और तंजानिया में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को केन्याई स्टेट हाउस में राष्ट्रपति डॉ विलियम सामोई रूटो से मुलाकात की। बिरला ने दोनों देशों के बीच चुनौतियों के बारे में कहा कि भारत और केन्या आतंकवाद से पीड़ित रहे हैं और दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ एक साझी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

## कंझावला मामले के आरोपी को जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के कंझावला हिट एंड ड्रैग मामले में आरोपी आशुतोष भारद्वाज को दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायाधीश ने मंगलवार को कहा, उसे 50,000 रुपये के जमानत मुचलके पर जमानत दी जाती है।

## केरल सरकार ने मास्क लगाना किया अनिवार्य

**तिरूअनंतपुरम।** राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए केरल सरकार ने सभी सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और सभाओं में लोगों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। केरल सरकार ने अपने आदेश में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक दूरी सुनिश्चित करने को लेकर प्रभावी उपाय करने का भी निर्देश दिया है।

## सेंसेक्स 572 अंक चढ़ा

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स एक बार फिर 60,500 का आंकड़ा पार कर 562.75 अंकों की बढ़त के साथ 60,655.72 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 158.45 अंकों की तेजी के साथ 18,053 अंकों पर बंद हुआ।

## एलजी मेरे हेडमास्टर नहीं हैं : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को विधान सभा में कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल उनके हेडमास्टर नहीं हैं जो उनका होमवर्क जांचें। केजरीवाल ने सदन को संबोधित करते हुए कहा, 'दिल्ली के उपराज्यपाल मेरे हेडमास्टर नहीं हैं जो मेरा होमवर्क जांचे ,मैं उन लोगों का प्रतिनिधि हूं जिन्होंने मुझे दिल्ली का मुख्यमंत्री चुना है।'

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कार्यकर्ताओं को मोदी ने दिया टास्क, बोले

# हर दिन करें लोगों से मुलाकात

### • पीएम मोदी ने कहा भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को संपन्न हो गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है, हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए सबसे अच्छा समय है और हमें देश के विकास में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि अमृतकाल को कर्तव्यकाल में बदलना चाहिए, तभी देश तेजी से प्रगति की ओर बढ़ सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें सीमावर्ती इलाकों के गांवों से ज्यादा जुड़ना चाहिए और उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहिए और वहां हमारी गतिविधियां बढ़नी चाहिए। मोदी ने भाजपा नेताओं को नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के बारे में गलत बयानबाजी न करें।

कई के बयान अमर्यादित होते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। किसी भी जाति-संप्रदाय के खिलाफ बयान नहीं देना चाहिए।

### चुनाव में अब 400 दिन बचे हैं, पूरी तैयारी से जुटना है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समापन पर पार्टी नेताओं को नया टास्क दिया है। उन्होंने कहा कि तय करना है कि हर दिन लोगों से मिलना है। जैसे एक दिन यूनिवर्सिटी, स्कूल और चर्च या अन्य जगह पर जाएं। मोदी ने कहा कि बॉर्डर के नजदीक बसे गांवों में संगठन मजबूत होना चाहिए। पीएम ने बैठक में कहा कि देश का सर्वोत्तम काल आ रहा है। मेहनत में हमको पीछे नहीं रहना है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया कि सर्वोत्तम काल के सभी साक्षी बन सकते हैं। फडणवीस ने बताया कि बैठक में पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। भाजपा अब एक आंदोलन नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रवाद की भावना हर गांव में जागृत होनी चाहिए। सामाजिक समरसता का भाव हर गांव में ले जाना होगा। लोगों के बीच जाकर वोट का महत्व बताना होगा। चुनाव में अब पूरे 400 दिन बचे हैं। पूरी तैयारी से जुटना है। मोदी ने कहा कि स्वर्णिम काल में दुनिया भारत की तरफ देख रही है। अगर अब कुछ नहीं किया तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमृत काल को कर्तव्य काल में बदलना है।

### कुशासन से सुशासन की ओर बढ़ा देश

देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि पीएम ने कहा कि 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं ने पिछली सरकारों के कुशासन को नहीं देखा है और वर्तमान सरकार के तहत भारत अब कुशासन से सुशासन की ओर कैसे बढ़ गया है। इसलिए युवाओं में इसके बारे में जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। भाजपा आने वाले दिनों में ऐसा करेगी। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के तहत सभी राज्यों को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए और एक-दूसरे की भाषा और संस्कृति को स्वीकार करना चाहिए।

**मोदी आयेगा और जीत दिला देगा**

पीएम ने चुनाव को लेकर यह भी कहा कि हमें सक्रिय रहना है और आत्ममुग्ध नहीं होना है। कोई यह नहीं समझें कि मोदी आएगा और जीत दिला देगा। हमें इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा।

**अतिआत्मविश्वास के कारण हारे**

प्रधानमंत्री ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि पिछली बार हम अतिआत्मविश्वास के कारण हार गए थे। इस बार हमें इससे बचना होगा। लोगों के बीच रहना होगा और मिलकर मेहनत करनी होगी। देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया से कहा कि आज क उद्बोधन प्रेरक भी था, दिशा दर्शक भी था और नई राह दिखने वाला था। उन्होंने कहा कि अपने जीवन का क्षण-क्षण भारत की विकास गाथा में लगाएं।

### भारत ने किया यूएनएससी के फैसले का स्वागत, कहा

## क्षेत्र में आतंकी संगठनों से खतरा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सोमवार को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को अपनी आईएसआईएल और अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत एक वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया। यूएनएससी के इस कदम पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया देते हुए खुशी जाहिर की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हम यूएनएससी की आईएसआईएल और अल कायदा प्रतिबंध समिति द्वारा लश्कर आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को ग्लोबल आतंकी घोषित करने के फैसले का स्वागत करते हैं। मालूम हो कि अब्दुल रहमान मक्की लश्कर नेता हाफिज सईद का बहनोई भी है। इतना ही नहीं मक्की ने लश्कर के लिए कई भूमिकाएं भी निभाई हैं। इसमें तमाम तरीकों से संगठन के लिए धन जुटाना शामिल है।

**मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित करने के फैसले का स्वागत**

अरिंदम बागची ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि आतंकवादी संगठनों से क्षेत्र में खतरा अधिक बना हुआ है। यूएनएससी द्वारा की जाने वाली लिस्टिंग और प्रतिबंध इस तरह के खतरों को रोकने और क्षेत्र में आतंकवादी ढांचे को खत्म करने के लिए एक प्रभावी उपकरण हैं। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद के खिलाफ विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय कार्रवाई करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर दबाव डालता रहेगा। हम किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मंत्रालय ने बताया कि भारत ने 2021-22 के दौरान अपने यूएनएससी कार्यकाल के दौरान पाक स्थित आतंकवादियों की एक सूची बनाई थी। 2022 के दौरान भारत ने 1267 आईएसआईएल और अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत 5 नाम पेश किए थे। इनमें अब्दुल रहमान मक्की (एलईटी), अब्दुल रऊफ असगर (जेईएम), साजिद मीर (एलईटी), शाहिद महमूद (एलईटी), तल्हा सईद (एलईटी) का नाम था।

## कोविड टीकों से कोई दुष्प्रभाव नहीं : मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के अधिकारियों द्वारा कोविड-19 टीकों के कई दुष्प्रभाव होने का दावा करने वाली मीडिया रिपोर्ट गलत हैं। एक समाचार रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आईसीएमआर और सीडीएससीओ के अधिकारियों ने कोविड-19 टीकों के दुष्प्रभावों को स्वीकार किया है, जिसमें उनसे उत्पन्न होने वाले प्रभावों की अधिकता का हवाला दिया गया है। मंत्रालय ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि समाचार रिपोर्ट गलत सूचना है और गलत जानकारी प्रदान करती है।

## वे आरएसएस ऑफिस जाते हैं, मुझे इसके लिए गला कटवाना होगा

### वरुण पर बोले राहुल

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान होशियारपुर पहुंचे राहुल गांधी ने चचेरे भाई वरुण गांधी से मिलने की संभावना से साफ इनकार किया। परिवार को जोड़ने के सवाल पर राहुल ने कहा कि वरुण भाजपा में हैं, मेरी विचारधारा उनकी विचारधारा से मेल नहीं खाती। मैं आरएसएस कार्यालय नहीं जा सकता, इससे पहले मुझे सिर कलम करना होगा। मेरे परिवार की एक विचारधारा है। वरुण ने दूसरी विचारधारा अपनाई और मैं उस विचारधारा को स्वीकार नहीं कर सकता।

**गोदी मीडिया पर कहा- ये मेरा मुहावरा नहीं**

मीडिया पर राहुल ने कहा कि 'गोदी मीडिया' मेरा मुहावरा नहीं है। मैं पत्रकारों की आलोचना नहीं करता, लेकिन मैं मीडिया की संरचना की आलोचना करता हूं। मुझे निष्पक्ष और स्वतंत्र मीडिया चाहिए।

**भागवत पर हमलावर हुए राहुल**

राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने देश को प्यार का विजन दिया। ये भाजपा के नफरत भरे विजन का जवाब है। हिंदुओं का आक्रामक होना चाहिए, मोहन भागवत के इस बयान के सवाल पर राहुल ने कहा कि उन्होंने गीता और वेद नहीं पढ़े हैं।

## दिल्ली : पाक से जुड़े चार आतंकियों की तलाश जारी

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले पुलिस के सामने कई चुनौतियां हैं। हाल ही में जाहंगीरपुरी से पुलिस ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद से ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है। इस मामले को लेकर जांच में पता लगा है कि कोई बड़ी आतंकी साजिश रची जा रही थी। इस साजिश के लिए कुल 6 आतंकी काम कर रहे थे। इनमें से दो को पुलिस ने हिरासत में पहले ही ले लिया है। अन्य चार आतंकियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अब सर्च ऑपरेशन चला रही है। पुलिस ने दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से दो आरोपितों को हत्या के आरोप को लेकर गिरफ्तार किया था।

## चेतावनी : बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** मौसम ने भले ही कोहरे से राहत दे रखी है, लेकिन ठंड अब भी इम्तिहान ले रही है। आने वाले दिनों में भी इससे राहत मिलने का अनुमान नहीं है। दिल्ली सहित उत्तर पश्चिमी भारत में अगले सप्ताह हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ ओलावृष्टि होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 21 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। इसके प्रभाव से, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 21 जनवरी के शुरूआती घंटों में बारिश या हिमपात शुरू होने और 23-24 जनवरी को चरम गतिविधि के साथ 25 जनवरी तक इसके जारी रहने की संभावना है।

**ओलावृष्टि की संभावना :** विभाग ने कहा कि 23 और 24 जनवरी को जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम ओलावृष्टि होने की संभावना है। 23-24 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। कई स्थानों पर हल्की बारिश या फुहार पड़ने का अनुमान है।

## जिनपिंग सरकार की खुली पोल चीन में पांच हफ्तों में नौ लाख मौतें!

### चीनी यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने स्वीकार किया है कि कोरोना महामारी से उनके यहां करीब 60 हजार लोगों की मौत हुई है। हालांकि दुनिया के विशेषज्ञों का दावा है कि चीन अभी भी सही आंकड़ा छिपा रहा है। माना जा रहा है कि चीन में मौतों का आंकड़ा आधिकारिक आंकड़ों से 10 गुना ज्यादा है। बता दें कि चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बीते हफ्ते बताया कि देशभर के अस्पतालों में 12 जनवरी तक करीब 59,938 लोगों की जान कोरोना महामारी के चलते गई। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजेल्स के फील्डिंग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में महामारी विभाग के अध्यक्ष जू फेंग झांग का दावा है कि चीन मे कोरोना से मौतों का सही आंकड़ा आधिकारिक आंकड़े से बहुत ज्यादा बड़ा है। झेंग का दावा है कि चीन में कोरोना महामारी की शुरूआत में पहले के 5 हफ्तों में करीब 9 लाख लोगों की जान गई है। झेंग ने यह दावा चीन की पेकिंग यूनिवर्सिटी के नेशनल स्कूल ऑफ डेवलपमेंट की रिपोर्ट के आधार पर किया है। बता दें कि पेकिंग यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के मध्य तक देश की 64 फीसदी जनसंख्या कोरोना की चपेट में आ चुकी है।

## इंडिगो की फ्लाइट का इमरजेंसी गेट तेजस्वी सूर्या ने खोला : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** क्या भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इंडिगो फ्लाइट के विमान का इमरजेंसी गेट खोला था! कांग्रेस ने ये दावा किया है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ट्वीट करके यह आरोप लगाया है। उन्होंने एक रिपोर्ट शेयर करते हुए कहा कि फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोलने वाला यात्री कोई और नहीं, बल्कि बेंगलुरु साउथ से पहली बार सांसद बने तेजस्वी सूर्या थे। सुरजेवाला ने तंज कसते हुए कहा, यह भाजपा वीआईपी ब्राट्स है! आखिर एयरलाइन की शिकायत करने की हिम्मत कैसे हुई? क्या यह सत्ताधारी भाजपा के एलीट क्सास का आदर्श है? क्या इससे यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ?

### रामचरितमानस विवाद पर सीएम नीतीश ने कहा

## कहीं कोई विवाद नहीं है यह सब फालतू बात है



खबर मन्त्र संवाददाता

**जहानाबाद।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर द्वारा रामचरितमानस पर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि कहीं कोई विवाद नहीं है। यह सब फालतू बात है। इन चीजों पर कहीं विवाद नहीं होना चाहिए। नीतीश ने कहा कि हमलोगों का मानना है कोई भी धर्म का मानने वाला हो किसी तरीके का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। सब लोग जैसे भी धर्म का पालन करते हैं धर्म का पालन करें, सभी को इज्जत मिलना चाहिए। नीतीश ने कहा कि जिसको जो मन करे वह करे। जिसकी पूजा करनी है करें इसमें कहीं कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। हम लोगों ने पहले ही शिक्षा मंत्री को समझा दिया है। इस मामले में वैसे उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी कह दिया है। इन चीजों पर नोटिस नहीं लेना चाहिए।

## वाणी ने दिये किलर पोज



एक्ट्रेस वाणी कपूर को बोल्ड लुक में स्पॉट किया गया है। वाणी कपूर अपने बेबाक अंदाज की वजह से कई लोगों की फेवरेट हैं। बॉलीवुड की इस एक्ट्रेस ने एक बार फिर से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। एक्ट्रेस की महज एक फोटो ने कई लोगों का दिल चुरा लिया हैं। इस फोटो में वाणी कपूर ने रैड कलर की ऑफ शोल्डर डिजाइनर शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस की ड्रेस इतनी ज्यादा रिवीलिंग है कि उनकी क्लीवेज भी साफ-साफ दिखाई दे रही है। वाणी ने पैरों में लॉन्ग बूट्स पहने हुए हैं। खुले बाल और मेकअप उनके इस लुक पर काफी सूट कर रहा है। आपको याद दिला दें कि एक्ट्रेस ने 'शुद्ध देसी रोमांस' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत की थी। हालांकि कई लोगों का ऐसा मानना है कि एक्ट्रेस इंडस्ट्री में अपनी कोई खास पहचान नहीं बना पाई हैं। सोशल मीडिया पर ये फोटो आग की तरह फैल रही है। इस बोल्ड फोटो की वजह से कई लोग वाणी को ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने तो वाणी को ढंग के कपड़े पहनने तक की नसीहत दे डाली। लेकिन वाणी के फैंस उनके इस लुक को देखकर जैसे क्रेजी ही हो गए। कई लोगों ने वाणी को हॉट तो कई लोगों ने बोल्ड करार दिया।

# स्पोर्ट्स

HOCKEY INDIA
FIH ODISHA HOCKEY MEN'S WORLD CUP 2023
13th JANUARY 2023

## जुंगजुन के दम पर कोरिया ने जापान को 2-1 से हराया

एजेंसी



**भुवनेश्वर।** दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-बी मुकाबले में जापान को 2-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखा। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में केन नागायोशी ने पहले ही मिनट में गोल करके जापान को बढ़त दिलाई, लेकिन जुंगजुन ली (आठवां, 23वां मिनट) ने दो गोल जमाकर कोरिया की जीत सुनिश्चित की। कोरिया दो मैचों में एक हार और एक जीत के साथ पूल-बी में तीसरे स्थान पर आ गया, जबकि जापान अपने दोनों मुकाबले हारकर तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। एशिया कप 2022 की विजेता कोरिया की इस मुकाबले में शुरूआत अच्छी नहीं रही और जापान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया। कोरिया की मुश्किलें तब बढ़ गयीं जब नागायोशी ने पेनल्टी को गोल में तब्दील कर दिया। एशियाई चैंपियन शुरूआती पलों में ही एक गोल से पिछड़ गया था लेकिन जुंगजुन उनकी मदद के लिये आगे आये और आठवें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कोरिया को पहले क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर भी मिले, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका। जुंगजुन ने आखिरकार दूसरे क्वार्टर के आठवें मिनट में गोल जमाकर कोरिया को बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। जापान के पास तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में स्कोर बराबर करने का मौका था लेकिन वह पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सका। कोरिया ने भी चौथे क्वार्टर की शुरूआत में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया लेकिन इस बार चार शॉट लगाने के बावजूद जापान का रक्षण अभेद्य साबित हुआ। जब मुकाबला समाप्त होने में सिर्फ दो सेकंड बचे थे तब जापान को कुल तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन सभी में असफल रहने के कारण वह अपना दूसरा मुकाबला भी हार गया।

## जर्मनी, बेल्जियम ने रोमांचक ड्रॉ खेला

**भुवनेश्वर।** दो बार की विश्व विजेता जर्मनी और गत चैंपियन बेल्जियम के बीच मंगलवार को खेला गया पूल-बी मुकाबला 2-2 के ड्रॉ पर समाप्त हुआ। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में सेड्रिक चार्लियर (नौवां) और विक्टर सेग्नेज (54वां मिनट) ने बेल्जियम के लिये गोल किये, जबकि निकलास वेलेन (22वां) और टॉम ग्रैम्बुश (52वां मिनट) ने जर्मनी के गोल दागे। विश्व कप 2018 के क्वार्टरफाइनल में जब दोनों टीमें आमने-सामने आयी थीं, तब बेल्जियम ने जर्मनी को 2-1 से मात दी थी। बेल्जियम ने यहां भी नौवें मिनट में ही सेड्रिक के गोल से शुरूआती बढ़त बना ली। पहले क्वार्टर में पिछड़ने के बाद भी जर्मनी ने आक्रमण नहीं छोड़ा और निकलस ने 22वें मिनट में गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। इस गोल के बाद दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली लेकिन आधे घंटे तक कोई स्कोर नहीं कर सका। चौथे क्वार्टर में आखिरकार जर्मनी की कोशिशों ने फल दिया और उन्हें 52वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक प्राप्त हुआ। टॉम ने इसका लाभ लेते हुए गोल किया और जर्मनी को बढ़त दिला दी।

## न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर हुए श्रेयस अय्यर



मुंबई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज से तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरूआत होने जा रही है। सीरीज शुरू होने से पहले ही टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। पिछले साल भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर चोटिल होकर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि टीम इंडिया के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। चयन समिति ने श्रेयस अय्यर की जगह रजत पाटीदार को टीम में शामिल किया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे 18 जनवरी को हैदराबाद में खेला जाएगा।

## रोमांचक मुकाबले में जीती त्रिशा-गायत्री

**नयी दिल्ली।** त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडिया ओपन 2023 के पहले चरण के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस की मारगट लैंबर्ट और एन ट्रान को हराकर दूसरे चरण में प्रवेश किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल पर एक घंटे 26 मिनट चले मुकाबले में त्रिशा-गायत्री ने लैंबर्ट-ट्रान को 22-20, 17-21, 21-18 से मात दी। इसी बीच, युवा भारतीय सनसनी लक्ष्य सेन ने एकतरफा पुरुष एकल मुकाबले में अपने हमवतन एचएस प्रणय को 21-14, 21-15 से हराया। दूसरी ओर सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली को 21-13, 21-15 से मात दी। श्रुती मिश्रा और एन सिक्की रेड्डी की महिला युगल जोड़ी को पहले चरण में जर्मनी की इजाबेल और लिंडा के हाथों मिली 21-17, 21-19 की हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran II | ₹ 100 |
| English Grammar- II | ₹ 100 | English Grammar- II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !